CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -317 राजनांदगांव, सोमवार 07 अक्टूबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## हादसा : चेन्नई के मरीना बीच पर वायु सेना का एयर शो देखने आए तीन लोगों की मौत, सैकड़ों की तबीयत बिगड़ी

भारतीय वायुसेना के चेन्नई में आयोजित एयर शो देखने आई भीड़ में तीन लोगों की मौत हो गई है। ये सभी लोग मरीना बीच पर वायुसेना का एयर शो देखने के लिए आए थे। मौत के बारे में डॉक्टरों का कहना है कि एक शख?स की मौत हीट स्ट्रोक के कारण हुई है। बाकी की मौत दम घुटने के कारण हुई हैं। वहीं 200 के करीब लोगों को तबियत खराब होने पर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

चेन्नई में मरीना बीच पर भारतीय वायुसेना ने अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एयर शो आयोजन किया था। इसको देखने के लिए लाखओं की संख्या में लोग सुबह 11 बजे से ही पहुंचने लगे थे। यहां पर बहुत सारे लोग छाते के सहारे चिलचिलाती धूप से खुद को बचाते दिखे।

एयर शो को देखने के लिए लाखों लोग मरीना बीच पर एकत्र हुए थे। कहा यह भी जा रहा है कि भीड़ के प्रबंधन के लिए उचित व?यवस?था नहीं की गई थी। निकटवर्ती लाइटहाउस मेट्रो स्टेशन और वेलाचेरी में चेन्नई एमआरटीएस रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों लोग एकत्र हो गए थे। बहुत सारे लोगों को प्लेटफॉर्म पर खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा था। इसके बावजूद कई लोगों ने खतरा उठाकर यात्रा की और कई लोगों की ट्रेन तक छूट गई।



### मरीना बीच पर भगदड़ जैसी स्थिति - पुलिस

'एयर शो' स्थल के नजदीक अन्ना स्क्वायर पर बस स्टॉप पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने बताया कि तीन एंबुलेंस यातायात जाम में फंस गईं और इन्हें निकालने के लिए पुलिस को कदम उठाने पड़े। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मरीना पर लगभग भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। गर्म मौसम के कारण लगभग 12 लोग बेहोश हो गए और उनका सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया।

### एयर शो की शुरुआत कैसी रही?

इस आयोजन की शुरुआत भारतीय वायुसेना के विशेष गरुड़ बल के कमांडो के साहसिक कौशल के प्रदर्शन के साथ हुई। इसमें उन्होंने बंधक को मुक्त कराने का एक मॉक अभियान किया। वहीं एयर शो में करीब 72 विमानों ने भाग लिया। इनमें सुपरसोनिक लड़ाकू विमान राफेल समेत डकोटा और हार्वर्ड, तेजस, एसयू-30, सारंग और सुखोई एसयू-30 विमान शामिल रहे। इस आयोजन में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, राज्य के विभिन्न मंत्री, चेन्नई की महापौर आर. प्रिया और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एंटी नक्सल ऑपरेशन पर उच्च-स्तरीय बैठक में सीएम साय की अफसरों को दो टूक, नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई ढिलाई न बरतें



रायपुर। नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अफसरों से दो टूक कह दिया है कि नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने में कोई ढिलाई नहीं बरतें। नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस अधिकारी आपस में समन्वय बढ़ाएं। संयुक्त अभियान के माध्यम से लड़ाई जारी रखें।

साय ने अपने निवास कार्यालय में नारायणपुर और दंतेवा?ा जिलों की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों बीच हुई मुठभे? की घटना के बाद एंटी नक्सल आपेरशन पर उच्च-स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नक्सलवाद के खिलाफ ल?ाई में जवानों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था में कमी न होने पाए। बैठक में पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री सचिवालय के वरीष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान सुरक्षाबलों के जवानों का कुशल-क्षेम भी पूछा।

### जल्द खत्म होगा नक्सलवाद - सीएम

सीएम साय ने कहा कि जनता में विश्वास बढ़ा है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ नक्सली आतंकवाद से मुक्त होगा। छत्तीसग? को नक्सलवाद से मुक्त करने हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित है। अब सभी को विश्वास हो गया है कि इस हिंसा का अंत होने वाला है। बस्तर विकास और शांति की ओर तेजी से अग्रसर है। सरकार के कार्यों से बस्तर की जनता में नई आस जगी है।




## पांचवां दिन : स्कंद माता






## नक्सलवाद पर एक्शन : डॉ. रमन सिंह ने सफलता पर जवानों को दी बधाई, बोले-जल्द समाप्त होगा नक्सलवाद



रायपुर। छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डोंगरगढ़ जा रहे दर्शनार्थियों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 31 माओवादियों के मारे जाने पर उन्होंने कहा कि, इच्छा शक्ति हो तो सब हो सकता है, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त करना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री की इच्छा शक्ति है। जवानों को बहादुरी के लिए बहुत-बहुत बधाई और जल्द ही छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त होगा। लगातार इस तरीके की कार्रवाई से पुलिस का मनोबल बढ़ा है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जवानों को बधाई देते हुए कहा था कि, नक्सलवाद खत्म करने पुल हमने तैयार किया है। उनके इस बयान पर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि, भूपेश सरकार ने 5 साल तक कुछ नहीं किया और नक्सलियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। जवानों के खून पसीने से यह पुल बना है और उन्हीं की शहादत से सड़कें बनी है।

### डिप्टी सीएम साव ने भी साधा निशाना

उल्लेखनीय है कि, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कवर्धा के साथ ही प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े किए थे। उनके इस बयान पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि, कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार में कानून व्यवस्था की दुर्दशा हुई है। आज सरकार मुस्तैदी से काम कर रही है। सभी घटनाओं पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो रही है। जहां कहीं भी चूक होगी, सरकार कठोरता से कार्रवाई करेगी। इसके पहले भी हमने बड़ी कार्रवाई की है। नया रायपुर में मंत्री रामविचार नेताम के शिफ्ट होने के बाद अब मुख्यमंत्री के गृहप्रवेश को लेकर उन्होंने कहा कि, नवा रायपुर में सुविधाएं विकसित हो रही है, जैसे-जैसे सुविधाएं विकसित होगी। सब बनते जाएंगे और सब शिफ्ट भी होंगे। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव क्या समय पर होंगे इस सवाल के जवाब में श्री साव ने कहा कि, सरकार की मंशा स्पष्ट है, जरूरी प्रक्रिया चुनाव के लिए शुरू हो चुकी है। चुनाव आयोग भी अपनी तैयारी में है।

### 32 लाख लोगों ने ली अब तक भाजपा की सदस्यता

भाजपा का सदस्यता अभियान पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, अब तक 32 लाख से ज्यादा सदस्य छत्तीसगढ़ में भाजपा के बने हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'यह लोकतंत्र के अनुरूप नहीं', जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका के कार्यकारी शक्तियों के प्रयोग पर क्यों जताई चिंता?



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को शक्तियों के पृथक्करण के मुद्दे पर चर्चा की और कहा कि न्यायपालिका द्वारा कार्यकारी शासन उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से परे है और यह लोकतंत्र के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों से राष्ट्रीय चर्चा को गति देने का आग्रह किया, ताकि कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका द्वारा संवैधानिक भावना का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

### 'भारत के भीतर और बाहर शत्रुतापूर्ण ताकतों का जमावड़ा'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल कर्ण सिंह के सार्वजनिक जीवन में 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सम्मान समारोह में धनखड़ ने कहा कि भारत के भीतर और बाहर दोनों जगह शत्रुतापूर्ण ताकतों का जमावड़ा और राष्ट्र-विरोधी बयान गहरी चिंता का विषय हैं। इन घातक ताकतों को बेअसर करने के लिए राष्ट्रीय भावना को प्रभावित करने वाले ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। शक्तियों के पृथक्करण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकारी शासन कार्यपालिका के लिए विशिष्ट है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इजरायल में अंधाधुंध फायरिंग, महिला की मौत और कई लोग घायल; पुलिस ने मार गिराया हमलावर



दुबई। इजरायल में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम ही नही ले रही हैं। अब एक बार फिर इजरायल के दक्षिण में बेर्शेबा शहर से गोलीबारी की खबर सामने आई है, इस हमले में कई लोग घायल हो गए और हमलावर को मार डाला। इजरायली पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें एक 25 साल की महिला भी शामिल थी, जिसने मौके पर दम तोड़ दिया।

### इजरायल के तेल अवीव में भी हुई थी गोलीबारी

इससे पहले इजरायल के तेल अवीव में भी अंधाधुंध फायरिंग की गई। इस घटना को लेकर इजरायली पुलिस का कहना है कि तेल अवीव में हुई गोलीबारी में छह की मौत हो गई है और सात लोग से ज्यादा घायल हुए है। इजरायली पुलिस ने बताया था कि कई बंदूकधारियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना का फुटेज भी सामने आया था जिसमें बंदूकधारियों को एक लाइट रेलवे स्टेशन पर उतरते और गोलीबारी करते हुए दिखाया गया है।

### लेबनान में इजरायल का ग्राउंड ऑपरेशन

वहीं लेबनान में इजरायल का ग्राउंड ऑपरेशन जारी है। हाल ही में इजरायल सेना ने लेबनान में हवाई हमले किए लेबनान की राजधानी बेरूत में नौ लोग मारे गए और 24 अन्य घायल हो गए हैं। हमले से माउंट लेबनान में दो लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए, जबकि बालबेक हर्मेल गवर्नरेट में नौ लोग घायल हो गए हैं।

## राहुल की महिलाओं से 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को आवश्यक बताते हुए देशभर की महिलाओं से पार्टी के 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील की है। श्री गांधी ने सोशल प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर यह अपील करते हुए महिलाओं से राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है ताकि देश की आधी आबादी को उनका हक मिल सके। श्री गांधी ने कहा, महिलाएं हमेशा से हमारे समाज और राजनीति की एक महत्वपूर्ण शक्ति रही हैं, फिर भी संसद और विधानसभाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं में असमानता बनी हुई है। सच्ची समानता के लिए इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## फर्जी एसबीआई बैंक खोलने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार, नौकरी लगाने के नाम पर की थी लाखों की ठगी, 7 फरार



जांजगीर चांपा। जांजगीर चांपा के मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम छपोरा में भारतीय स्टेट बैंक की फर्जी शाखा खोलने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने आखिरकार ढूंढ निकाला है। 7 अन्य आरोपी अभी फरार हैं। यानी गिरोह में आठ लोग शामिल थे और बैंक संचालित करना चाहते थे। पुलिस अब अन्य सात की तलाश में जुट गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में लिया है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के मालखरौदा के ग्राम छपोरा में भारतीय स्टेट बैंक की फर्जी शाखा संचालित करने के लिए पूरा सेटअप तैयार किया गया था। मामले की सूचना जब एसबीआई के अफसरों को हुई तो एसबीआई के मुख्य प्रबंधक जीवराखन कावड़े क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय कोरबा ने 27 सितंबर को मालखरौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम छपोरा में फर्जी भारतीय स्टेट बैंक शाखा 18 सितंबर से खुला है। जहां 6 व्यक्ति कार्यरत हैं। पूछताछ करने पर अनिल भास्कर एवं 7 अन्य के द्वारा एक राय होकर भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर छल पूर्वक कूट रचना करते हुए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर फर्जी बैंक खोल कर धोखाधड़ी किए हैं। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा 318-4, 338, 336, 340, 3-4 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

विवेचना के दौरान घटना स्थल ग्राम छपोरा से 9 नग कम्प्युटर सेट, प्रिंटर, बैटरी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उद्धव ठाकरे की दो टूक, बोले- किसी भी गद्दार को पार्टी में नहीं लूंगा... उनकी जगह दिखाएंगे



मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान इसी हफ्ते होने की संभावना है। इसके चलते सभी बड़े नेता जमीन पर उतरकर मतदाताओं के बीच जा रहे हैं और विरोधियों पर तीखा हमला बोल रहे है। इस बीच शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के नेताओं को खुली चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वें डेढ़ महीने में चुनाव हारकर 'बेरोजगार' हो जाएंगे। किसी भी गद्दार को पार्टी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

इसी साल नवंबर के मध्य में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। मालूम हो कि एकनाथ शिंदे ने ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के खिलाफ विद्रोह कर दिया जिसके कारण जून 2022 में शिवसेना का विभाजन हो गया। इसके चलते राज्य में सत्तारूढ़ महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गयी थी। तब से उद्धव ठाकरे और उनकी अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) के नेता शिंदे खेमे के लोगों को 'गद्दार' कहकर निशाना साधते हैं।

मुंबई में शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) द्वारा आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि राज्य के लोग विधानसभा चुनावों में बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को उनकी जगह दिखाएंगे। ठाकरे ने कहा, डेढ़ महीने बाद ये गद्दार (पार्टी से बगावत करने वाले विधायक, सांसद) हमारे पास नौकरी मांगने आएंगे, क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं होगा। मैं चुनाव के बाद किसी गद्दार को नौकरी नहीं देने वाला।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, मुंबई में मराठी समुदाय के लिए कोई रोजगार नहीं था, तब बाला साहेब ने शिवसेना की स्थापना की' वह कहते थे कि आपको नौकरी देने वाला बनना चाहिए, नौकरी लेने वाला नहीं' आज मैं एक बात और कहता हूं कि हमारी सरकार में किसी भी गद्दार को कोई रोजगार नहीं दिया जाएगा।' इस दौरान उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी बीजेपी पर हिंदुत्व को लेकर भी कटाक्ष किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




CMYK

# नगर निगम सेवा पण्डाल में डोंगरगढ़ पदयात्रियों की अपार भीड़

**पदयात्रियों ने कहा शासकीय सेवा पंडाल में बहुत अच्छी व्यवस्था, आयुक्त सहित अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार कर रहे पदयात्रियों की सेवा**





राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ जाने वाले दर्शनार्थियों/पद यात्रियों की सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास नगर निगम द्वारा सेवा पंडाल लगाया गया है। सेवा पंडाल में माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिये डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री बड़ी संख्या मे पहुँच सेवा का लाभ ले रहे है। पण्डाल में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार पदयात्रियों की सेवा कर रहे है। सेवा पाकर पदयात्री मिल रही सुविधा से खुश होकर सराहना कर रहे है।

दूर दराज से माँ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिये पहुचने वाले पदयात्री सेवा पण्डाल की व्यवस्था का लाभ लेकर सराहना करते हुये अपनी राय दे रहे है कि शासकीय पण्डाल में 24 घण्टे खाने पीने की व्यवस्था के साथ साथ चिकित्सीय सेवा का भी लाभ मिल रहा है, यह बहुत अच्छा कार्य है, क्योकि निजी सेवा पण्डालों में विभिन्न समाजिक संस्था के लोग सेवा करते है, किन्तु शासकीय कार्यो के साथ साथ 9 दिन अधिकारी कर्मचारी समय निकालकर पदयात्रियों की सेवा करना बहुत बडी बात है।

सेवा पण्डाल के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में माँ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिये प्रदेश भर से लाखों की तादात में दर्शनार्थी डोंगरगढ़ जाते है, जिनमें हजारों दर्शनार्थी पद यात्रा करते है, जो आस पास के शहर के अलावा दूर दराज के शहरों से भी आते है। उन्होंने कहा कि पदयात्रियों की सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास नगर निगम द्वार सेवा पंडाल लगाया गया है। सेवा पंडाल में पद यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये तीन पालियों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ चिकित्सा सेवा के लिये मेडिकल स्टॉफ की भी ड्यूटी लगी है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सेवा पण्डाल में भारी तादात में पदयात्री पहुँच रहे है, जिनकी 24 घण्टा सेवा की जा रही है। पदयात्रियों के लिये नाश्ता, चाय एवं खाना की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा उनके आराम करने के लिये बिस्तर तथा मोबाईल चार्जर की भी व्यवस्था की गयी है। साथ ही मेडिकल स्टॉफ के द्वारा उनकी स्वास्थ्य जॉच के साथ साथ आवश्यक दवा तथा मलहम पट्टी की जा रही है। सेवा पण्डाल में निगम के अधिकारी-कर्मचारी के साथ साथ ठेकेदार भी पदयात्रियों की सेवा कर रहे है।

## श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की दर्शनार्थियों से अपील

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी देवी जी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ पहुंचने वाले समस्त दर्शनार्थियों से मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने अनुरोध है कि अपनी बारी आने का इंतजार करें, धीरे-धीरे आगे बढ़े। बेरीकेट्स में रोके जाने पर धक्का-मुक्की न करें। बेरीकेट्स के ऊपर न चढ़े और न ही किसी अन्य दर्शनार्थी को चढ़ने देवें। यदि आपको बेरिकेट्स में रोका जा रहा है तो जबरदस्ती आगे बढ़ने का प्रयास न करें।

मंदिर दर्शन हेतु पंहुचने वाले सभी युवा दर्शनार्थियों से विशेष अनुरोध है कि मंदिर की व्यवस्था का आपके सहयोग के बगैर सुचारू रूप से संचालन सम्भव नहीं है आप सभी युवा दर्शनार्थी अपने आप को माता जी के सेवक कार्यकर्ता के रूप में व्यवहार करते हुए बच्चों, बुजुर्गो और महिलाओं को मदद और सहयोग करें। भीड़ में यदि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं फंसी हो उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें, उन्हें सहयोग करें। अपने साथ चल रहे बच्चों और बुजुर्गो का हाथ पकड़कर रखें। जबरदस्ती भीड़ में घुसने का प्रयास न करें, और निर्धारित मार्ग का ही प्रयोग करें। पीने के पानी पर्याप्त व्यवस्था ट्रस्ट समिति द्वारा जगह जगह की गई है पर अपने साथ पानी का बोतल अवश्य रखें।

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सुचारू व्यवस्था बनाये रखने में मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन को अपना पूरा सहयोग प्रदान करें।

## लायंस गरबा उत्सव में रंगीन छाते में नोटों के लटके झालर वाले नृत्य ने लोगों की जमकर वाहवाही लूटी



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि के मौके पर लायंस इंटरनेशनल द्वारा स्थानीय गायत्री विद्यापीठ मैदान में आयोजित किए जा रहे गरबा उत्सव में जमकर रंग बिखर रहा है। लायंस गरबा उत्सव रंग बिरंगे परिधानों में सज-धज कर आ रहे लोगों से रास गरबा नृत्य का चारो ओर रंग बिखर रहा है। लाइव म्यूजिक की मधुर स्वर लहरियों के बीच चहुं ओर उल्लास उमंग बिखरा नजर आ रहा है। लायंस गरबा उत्सव के तीसरे दिन मातारानी की ज्योत जलाकर पूजा अर्चना पद्म श्री ला. डा.पुखराज बाफना एवं ला.राजकुमार शर्मा सपत्नीक ला. शोभा शर्मा द्वारा की गई।

**पंजाबी थीम का जमकर बिखरा जलवा, रोजाना बेस्ट परफॉर्मर्स पर बांटे जा रहे बंपर इनाम, लायंस गरबा में लोगों की उमड़ रही भीड़**

आरती- पूजा के उपरांत धूमधाम के साथ आरंभ हुए गरबा उत्सव में गरबा नृत्य करने वालों की आकर्षक वेशभूषा व नृत्य का एक - एक स्टेप लोगों का मन मोह ले ले रहा था। इन नृत्य करने वालों में एक परी सी लड़की का रंगीन छाते में लटके नोटों का झालर को घुमाते हुए नृत्य करना लोगों को काफी आकर्षित किया। इसी तरह लायंस गरबा उत्सव का आकर्षक साज सज्जा युक्त पंडाल व हौले-हौले लाइव म्यूजिक की धुनें लोगों को मातारानी की शान में गरबा नृत्य करने बाध्य कर दे रही थी। गायत्री स्कूल के विशाल ग्राउंड पर लोगों की उमड़ती भीड़ व दोनों महिला एंकरों की गूंजती आवाज लोगों को सम्मोहित कर रही है । इस दौरान लायन

अध्यक्ष तरनदीप अरोरा, लायन बृजकिशोर सुरजन, लायन राजा माखीजा, लायन शारदा तिवारी,लायन अशोक पवार, लायन गिरीश ला. राजकुमार शर्मा- मनोज गुप्ता और क्लब के सदस्यों की उपस्थिति गरबा आयोजन में चार चांद लगा रहा था। इस अद्वितीय गरबा उत्सव आयोजन में मराठी वेशभूषा में गरबा नृत्य में थिरकते पांव और गायत्री स्कूल के बच्चों और टीचर्स का रास गरबा हर किसी को आनंद से भर दे रहा था।

लायंस लेडी शारदा तिवारी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी लायंस गरबा ।उत्सव में भारतीय मर्यादा और पर्व की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मातारानी की शान में खेले जा रहे गरबा नृत्य में उत्सवी आनंद के साथ-साथ लोगों को आध्यात्मिक अनुभूति हो रही है। इससे चारों ओर आनंद ही आनंद बिखरा हुआ है। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर गरबा उत्सव की थीम पंजाबी रही। इसमें भाड़ लेने वाले प्रतिभागियों में बेस्ट गरबा में मुकेश शर्मा व दीपिका दवे,बेस्ट गर्ल- हर्षिता वाडेकर व व्याय में हेमकांत साहू ,बेस्ट ड्रेस अप में सागर वडेरा व स्वीटी शर्मा रही। लायंस गरबा के शानदार परफॉर्मेंस में खंडेलवाल ननंद-भाभी ग्रुप व बेहतरीन परफॉर्मेंस में खुशबू मिश्रा रही व लवली परफार्मेंस में गीतांजलि सोनी ने लोगों का दिल जीता। इसी तरह बेस्ट ड्रेस अप किडस में एम एस आहना और स्पेशल किड्स में धनाश्री शर्मा, गुरुसिंग कौर व काव्या साहू रही। सभी श्रेष्ठ प्रदर्शन कारी प्रतिभागियों को लायंस क्लब की ओर से गिफ्ट हेंपर प्रदान कर उनका हौसला आफजाई किया गया। इस अवसर पर पुरस्कृत श्रेष्ठ प्रतिभागियों को आगत अतिथियों व लायंस पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## आज गंडई में माता का जगराता



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि के पावन पर्व पर मां गंगई की पावन धरा गंडई में आज 7 अक्टुबर सोमवार को शाम 7 बजे से 'माता का जगराता' सुमधुर भजनों की संध्या का कार्यक्रम, गंडई बाजार में आयोजित किया गया है। उक्त भजन संध्या को अध्यात्मिक शिखर में सराबोर करेंगे। राजनांदगांव के सुप्रसिद्ध लोक गायक मनोहर यादव, अंतराष्ट्रीय कलाकार, मंच संचालक, शदाणी दरबार फेम महेश मोटलानी, लोकप्रिय युवा फंकार घनश्याम सिंह एवं आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक अंब्रिक् कुमार माता के चरणों मे अपनी हाजिरी देंगे। आनंदका परिवार के अजय और संजय अग्रवाल ने सभी सत्संग प्रेमियों को भजन संध्या मे सादर आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक अंब्रिक मोटलानी एवं आनंदका परिवार के संजय अग्रवाल ने संयुक्त विज्ञप्ति में दी।

## गब्दू फूले का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। बुधवारी पारा वार्ड नंबर 14 निवासी गब्दु फूले का स्वर्गवास हो गया। इनकी शवयात्रा सोमवार दिनांक 07 अक्टू.को सुबह 11 बजे निवास स्थान से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जायेगी।

# सिद्धिविनायक अंबे धाम में क्वांर नवरात्रि की धूम

**विविध आयोजनों में पहुंच रहे हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालु**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के जनता कॉलोनी वार्ड क्रमांक 31 लखोली में सिद्धीविनायक अंबे धाम में आश्विन नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है। यहां समिति द्वारा पहले ही दिन से विविध रचनात्मक कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

मंदिर समिति के संरक्षक व वार्ड पार्षद गप्पू सोनकर ने कहा कि प्रथम पूज्य गणेश शिव शक्ति इन तीनों का वास इस मंदिर में हैं। जो भी भक्त इस मंदिर में सच्चे मन से मनोकामना करते हैं। उनकी सारी मनोकामना पूर्ण होती है । इस बार मंदिर को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिससे शहर के काफी दूर से लोग मंदिर के सौंदर्य को निहारते हैं। प्रतिदिन सुबह शाम मंत्रोच्चार से नियमित पूजा पाठ की जा रही है। मंत्रोच्चार के साथ आरती भी ब्राह्मण पंडितों द्वारा सामूहिक रूप से भक्तों के साथ की जा रही है। इस अवसर पर जस सेवा मंडलियों द्वारा भक्ति मय प्रस्तुति देर रात तक दी जा रही है। रोज व्रत उपवास रखने वालों के लिए फलाहार का वितरण किया जा रहा है।



साथ ही मंदिर समिति के द्वारा सुबह शाम श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण किया जाता है।

### आज माता का विशेष श्रृंगार

उल्लेखनीय है कि नवरात्रि पर्व में पंचमी तिथि का विशेष महत्व होता है। और श्रद्धालु की भीड़ बढ़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्था की है। पंचमी पर स्थापित प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित सभी 58 मनोकामना ज्योति कलशो का श्रृंगार किया जाएगा। सभी ज्योति कलशो में और कलश चढ़ाई जाएंगे। मंदिर समिति ने क्षेत्र वासियों से और अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे संरक्षक व पार्षद गप्पू सोनकर, सचिव मोहन सिंह राजपूत संरक्षणगण, महेश अग्रवाल, राजेंद्र लड्डा, टी आर ठाकुर, राजेंद्र श्रीरंगे, मोहन सिंग राजपूत, नवीन जैन, दीपक जैन, अलोक श्रीवास्तव, तिलाराम ठाकुर, किशोरी पारख, मन्नू शुक्ला, झनक राजपूत, राकेश सरोदे, निक्कू पाण्डेय, गवरव सोनकर, सोनू सोनकर, उभेलाल सोनकर, हरिश श्रीरंगे, दिनेश साहू, बृजेश श्यामकर और उभेलाल सोनकर, शिव शंकर राठी समिति के पदाधिकारी सदस्य गण सहित समस्त वार्डवासी के लोग उपस्थित हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर आयोजित होगा युवा प्रतिभा सम्मान समारोह

राजनांदगांव (दावा)। छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु के मार्गदर्शन में प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल के उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। छात्र युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष माधवराम साहू ने बताया कि छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित रक्तदान जागरूकता की प्रथम चरण की परीक्षा राजनांदगांव सहित आसपास से 15 से 20 किलोमीटर तक कुल 63 विद्यालय में रक्तदान जागरूकता परीक्षा आयोजित किया गया जिसके लिए छात्र युवा मंच परिवार के प्रत्येक सदस्य व पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं इसके पश्चात आज महत्वपूर्ण बैठक में द्वितीय चरण की परीक्षा की रूप रेख तैयार किया गया परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा बच्चों को एंड्रॉयड मोबाईल लाना अनिवार्य है जिसमें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा तथा परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित।

**शहर व ग्रामीण के 63 स्कूलों में आयोजित हुई रक्तदान जागरूकता परीक्षा**



परीक्षा सम्पूर्ण होने के पश्चात आधे घण्टे बाद रिजल्ट आ जाएगा परीक्षा में टॉप 3 विद्यार्थियों को नगद पुरुष्कार,मोमेन्टो व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा जिससे बच्चों में प्रतियोगी परीक्षा के लिए उत्साह रहे और स्कूली शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सामान्य ज्ञान का भी विकास हो इस रक्तदान जागरूकता परीक्षा में लगभग 4500 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे जिसके लिए परीक्षा केंद्र राजनांदगांव की सबसे बड़ी महाविद्यालय दिग्विजय महाविद्यालय को बनाया गया है।

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा, प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल जीव प्रदेश अध्यक्ष माधव राम साहू ने किए परीक्षा का सफल संचालन के लिए अलग-अलग कार्यो के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है टेक्निकल टीम जिसके प्रभारी प्रवीण मार्कण्डेय होंगें, कक्षा में विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था प्रभारी माधव राम साहू होंगे, ढालेश्वरी, कुलेश्वरी हर्षिता बहन पंजीयन व उपस्थिति पत्रक बनाने की हैं, कक्षा प्रभारी-परीक्षा नियंत्रक अंगेश्वर वर्मा, मनीष साहू, उकेश साहू, पुरुषोत्तम यदु होंगे। विधार्थी सहायता प्रभारी टुम्मन भैया किशोर भैया व प्रीतम भैया होंगे एवं अन्य सदस्यों को भिन्न भिन्न प्रभार दिया गया। आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में छात्र युवा मंच प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल, प्रदेश अध्यक्ष माधवराम साहू, प्रदेश महामंत्री राजू साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश साहू, जिला अध्यक्ष खेमचंद साहू, जिला उपाध्यक्ष रूपेश साहू, दिग्विजय कॉलेज अध्यक्ष सुशील जंघेल कार्यालय प्रभारी कु. कुलेश साहू एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा आस्था में दन्त चिकित्सा शिविर आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब आफ नांदगांव द्वारा शुक्रवार को आस्था मुकबधिर शाला में दन्त परीक्षण एवं रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ डेंटल कालेज एवं रिसर्च सेन्टर सुन्दरा के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 71 बच्चों का परीक्षण किया गया। इस शिविर में बच्चों का परिक्षण कर उनकी चिकित्सा हेतु परामर्श किया गया जिसमें 65 बच्चों के दातों का आगे का उपचार डेन्टल कालेज द्वारा मुफ्त में किया जावेगा।

इस शिविर में लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के अध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल द्वारा डॉक्टरों का सम्मान किया गया एवं उनके कार्यो की प्रशंसा की गई दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज मुलतानी एम डी.एस के नेतृत्व में डेन्टल कालेज के टीम ने सहयोग दिया डॉ. अनिरूद्ध खेडुलकर एवं उनकी टीम के सदस्य कृष्णा सन्ना, कहाते साक्षी गिरीश, कपिल बन्जारी, खुशबू, कोमल जिंदल, के श्यानी आदि का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

इस अवसर पर ला. दिलीप खण्डेलवाल, ला. रिषभ नाहटा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे लायंस क्लब के रिजन 12 के रिजन चेयर मेन एवं आस्था के सचिव लायन राजेश जैन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया यह जानकारी लायन पी.आर.ओ. लायन अमलेन्दु हाजरा द्वारा दी गई।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
ममा अऊ भांचा के मया... मोहित साहू कृत
चंदा मामा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार -दिलेश साहू, दिया वर्मा, मास्टर अंश, जीत शर्मा, अनिरूद्ध ताम्रकार, अंजनी ठाकुर, जागेश्वरी मेश्राम आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
04th OCT to 10th OCT 2024
silver SCREEN



Devara (Hindi) - 11:45am, 03:00, 06:15 and 09:30 pm
Stree 2 - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Joker Folie A Duex (English) - 06:00 & 09:00 pm
Last World War (Hindi) 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# राष्ट्र के विकास में साहू समाज का बहुत बड़ा योगदान - कलेक्टर संजय अग्रवाल

**शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने जिला साहू संघ के प्रयास को जमकर सराहा**



राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को शहर के साहू सदन में आयोजित निःशुल्क रोजगार मेला को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। इस अवसर पर खास तौर से उपस्थित जिलाधीश संजय अग्रवाल ने साहू समाज की संगठनात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों का जिक्र करते हुए राष्ट्र के विकास में समाज के योगदान की जमकर प्रशंसा की। यहां साहू समाज 1936 से संगठित हुआ है। तब से विविध रचनात्मक कार्यक्रम करते आ रहा है और यह समाज को मजबूती प्रदान करने के साथ होता रहा है। ना सिर्फ राजनांदगांव जिले में अपितु सभी तरफ राष्ट्र के विकास में समाज की भूमिका उल्लेखनीय रही है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के समय से लेकर अब तक के योगदान का जिक्र किया।

साहू सदन में जिला संघ के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित निःशुल्क रोजगार मेला को ना सिर्फ साहू समाज बल्कि सभी समाज के योग्यता रखने वाले बेरोजगारों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए प्रशंसा की। इस रोजगार मेले में 1233 से अधिक बेरोजगारों का इस जिले सहित दूसरे क्षेत्रों से आना तथा बड़ी संख्या में देश-विदेश से 70 कंपनियों की भागीदारी मायने रखती है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कंपनियों ने रोजगार के लिए जो शिक्षा मापदंड निर्धारित की है और जो इस मापदंड में खरे उतरे हैं। उनकी शॉर्ट लिस्ट तैयार पर उन्होंने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में अन्य समाजों को भी इस तरह के आयोजन करने चाहिए। वहीं जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ सहित समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा समय-समय पर रचनात्मक आयोजन किए जाते रहे हैं। कुछ दिनों पहले समाज की ओर से कृषि को बढ़ावा देने के लिए भी यादगार किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक एवं वैज्ञानिक अपना बहुमूल्य समय दिया था। आज के इस निशुल्क रोजगार मेले में रोजगार प्राप्त करने के 1233 इच्छुक लोगों का पंजीयन किया जा चुका है। इनमें से 285 युवक युवतियों को कलेक्टर के हाथों तत्काल नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही इस मेले में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 31 कंपनियों ने अवलोकन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मेले से बड़ी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो जाएगा जिससे कई परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठ सकेगा।

कार्यक्रम का संचालन जिला सलाहकार परदेशीराम साहू एवं संगठन सचिव लविंद्र साव ने किया। इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, संरक्षक डॉ. नीरेन्द्र साहू, कमल किशोर साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू, संगठन सचिव चंदन साहू, तहसील अध्यक्ष अंजू साहू, तुलदास साहू, नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक यशवंत साहू, सचिव मिलनसाहू, संगठन सचिव माधव साहू, संभागीय सचिव रूपेश साहू, पूर्व जिला संयोजक जयंत साहू, प्रदेश सह संयोजक परदेशीराम साहू, जिला सह संयोजक छन्नू लाल साहू, नरेन्द्र साहू,तिजेंद्र साहू, दुर्गा जिला संयोजक अजय चौधरी,सह संयोजक शत्रुहन साहू, अनिल साहू, लोकेश साहू, हेमन्त साहू, महेन्द्र साहू, मिलाप साहू,लविंद्र साव, डॉ. चेतन साहू , डॉ. प्रदीप साहू, भरत देवांगन , गिरिश सोनी, राहुल गुप्ता, जितेंद्र हिरवानी, हेमनाथ साहू, भोज गंजीर, रामचंद साहू, भीखू साहू, बीरेंद्र पटवारी, कुंज बिहारी, विष्णु साहू, मनोज साहू, हूमन साहू, मदन साहू, तुका साहू, जगमोहन साहू, भगवती साहू, मोरेश्वर साहू, हृदय हिरवानी, खिलेश्वरी,मुनेश्वरी, केशरी, शीतल, इन्दू पूनम साहू, निवेदन साहू, योगेश होमने,चुन्नी साहू,योगेश्वरी साहू, अमन धावड़े, शुभम बंसोड़, वेनिका साहू, भारती पटेल, ममता साहू, सुधा साहू, संदीप रामटेके, करण भालाधरे, धनवीर, दीपक साहू, यादराम आदि उपस्थित थे।

किराये से देना है
कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।
-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

# केन्द्र व राज्य सरकार शिक्षा के साथ ही खेल के प्रति गंभीर- संतोष पांडे




**○ मेजबान दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैम्पियन**
**○ 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न**

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह का आयोजन आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में हुआ। प्रतियोगिता में मेजबान दुर्ग संभाग ने बॉस्केटबॉल, हॉकी के साथ ही शंतरंज, तैराकी, वाटर पोलो एवं बेशबॉल में पदक जीत कर ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष छुरिया रविन्द्र वैष्णव, राजेन्द्र गोलछा, लीलाधर साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर शिव वर्मा, आलोक श्रोती, राजेश यादव, कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, आयोजन के संगठन सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

सांसद संतोष पाण्डेय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ऐसे समय अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे है, जब शक्ति का पर्व चल रहा है और आपने भी पूरी शक्ति लगाकर अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भी शिक्षा के साथ ही खेल के प्रति गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल व खिलाड़ियों के प्रति हमेशा सजग रहते है। खिलाड़ियों से चर्चा करते है और उनके साथ हमेशा खेलों के विकास के लिए भी सुझाव मांगते है। प्रधानमंत्री खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहते है, जिससे देश खेल क्षेत्र में भी पदक विजेता बनते जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि खिलाड़ी को थकना, रूकना व झुकना नहीं चाहिए। खिलाड़ी को हमेशा अनुशासन में रहकर शिक्षा के साथ खेल में भी हिस्सा लेना चाहिए, जिससे उनका उत्साह दुगना हो सके। उन्होंने कहा कि मैं भी एक खिलाड़ी रही हूं और आज निरतंर आगे बढ़ रही हूं। यह खेल के अनुशासन से ही सीखा है। आप भी सभी निरंतर उन्नति करें, अच्छी शिक्षा ग्रहण करे और अच्छा खेले। आयोजन के संगठन सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास कुमार सिंह बघेल ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर 5 संभागों के आए प्रतिभागियों ने वाईडनर स्कूल की बालिकाओं द्वारा बैण्ड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट करते हुए सलामी दी।

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 17 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर रही। इसी वर्ग की बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रहीं। बॉस्केटबॉल बालक 19 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर एवं बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर की टीम रही। बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग एवं बेसबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। हॉकी 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं हॉकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रही। वाटर पोलो बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा की टीम रही। तैराकी बालक 14 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग तथा तैराकी बालक 17 वर्ष प्रथम रायपुर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। तैराकी 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय रायपुर तथा तैराकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही। शंतरज बालक 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं शंतरज बालिका 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बस्तर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 17 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शंतरज बालिका 17 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 19 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शंतरज बालिका 19 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही। इसके साथ ही मेजबान दुर्ग संभाग को सभी खेलों में पदक प्राप्त करने के चलते ओवर ऑल चैम्पियनशिप का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री रणविजय प्रताप सिंह ने ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया।

## सांसद संतोष पांडे ने श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थिति देकर वंदन किया



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे अपने संसदीय क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर विभिन्न गांव में लोगों से मिलते हैं, कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम पूछते हैं और विभिन्न धार्मिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति देकर स्वयं को धन्य समझते हैं। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ में उन्होंने अपनी उपस्थिति दी और व्यास पीठ में विराजमान प्रवचनकर्ता श्री योगेश्वर महाराज जी को पुष्पमाला अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। सांसद संतोष पांडे ने श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ सुरगी के मंच पर बैठकर अपनी वाणी से भगवान की स्तुति में वंदन भी किया इस दौरान श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ स्थल में प्रभावशाली संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। ग्राम सुरगी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ स्थल पर सांसद संतोष पांडे के साथ रोहित चंद्राकर, लीलाधर साहू, आलोक श्रोती, गुरचरण सिन्हा, सुकृत दास साहू, मनोज साहू एवं अन्य ग्राममासी उपस्थित थे।

## गंज लाईन में बनेगा भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार

**जैन मुनियों के सानिध्य व जैन समाज की उपस्थिति में महापौर ने किया भूमिपूजन**



राजनांदगांव(दावा)। नगर निगम द्वारा शहर के चौक चौराहों का सौदर्यीकरण किया जा रहा है, इसी कडी में गंज लाईन में भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाना है। प्रवेश द्वार निर्माण के लिये आज समाज द्वारा आयोजित गरिमामय आयोजन में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में जैन मुनियों सर्वश्री आगम सागर जी महाराज, पूनित सागर जी महाराज एवं धैर्य सागर जी महाराज के सानिध्य में मंत्रोंच्चारण के साथ पूजा अर्चनाकर भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर छ.ग. बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झाझरी, सकल जैन संघ के अध्यक्ष श्री मनोज बैद, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर वंजारी, संतोष पिल्ले, गणेश पवार व अमीन हुद्दा, वरिष्ठ पार्षद कुलबीर छाबड़ा, पार्षदराजेश जैन रानू,समाज के सचिव श्री रविकांत जैन, पूर्व अध्यक्ष पी.सी. जैन के अलावा समाज के वरिष्ठ डी.सी. जैन, पदम कोठारी, सूर्यकांत जैन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन के पूर्व अतिथियों का समाज के लोगों ने मोती की माला एवं जैन गमछा पहनाकर स्वागत किया।

गरिमामय आयोजन में अपने आर्शीवचन में आगाम सागर जी महाराज ने कहा कि 2012 में विद्या सागर जी महाराज के साथ दिगंबर जैन मंदिर आने का अवसर मिला, उस समय मंदिर के सामने चौडी सडक एवं चौक देखकर महाराज जी ने प्रवेश द्वार बनाने की मंशा जाहिर की थी, जो आज पूर्ण होने जा रहा है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि समाज के लोगों के द्वारा गंज चौक का नामकरण एवं प्रवेश द्वार निर्माण की मांग बहुत दिनों से किया जा रहा था। मांग पूर्ण करने प्रक्रिया भी की जा रही थी, किन्तु परिस्थितिवश नही हो पाया था, लेकिन अब सबकी सहमति से नामकरण हुआ और अब महापौर निधि से 10 लाख रूपये की लागत से प्रवेश द्वार का निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर आज मुनियों के सानिध्य में भूमिपूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मै समाज का धन्यवाद देती हूँ कि इस अच्छे काम के लिये मुझे माध्यम बनाया हमारा पूरा निगम परिवार भाग्यशाली है कि यह काम करने का अवसर मिला।

श्री खूबचंद पारख जी ने अपने संबोधन में कहा कि लंबे समय से प्रवेश द्वार निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूर्ण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैने सभी भाजपा के पार्षदों से कहा था कि इस पवित्र कार्य के लिये सदन में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास करना है, ताकि भव्य रूप से अहिंसा प्रवेश द्वार का निर्माण हो सके। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने भी समाज के लोगों को प्रवेश द्वार के लिये बधाई देते हुये कहा कि हमारा सौभाग्य कि हमे अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण तथा मार्ग का नामकरण आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के नाम से करने का अवसर मिला। पार्षद रानू जैन ने अपने पार्षद निधि से प्रवेश द्वार निर्माण के लिये 1.50 लाख रूपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन समाज के सूर्यकांत जैन ने किया। इस अवसर पर समाज के लोग एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्वच्छता प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को दिया संदेश



डोंगरगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत ग्राम चिचदो के शासकीय प्राथमिक शाला में स्वच्छता संबंधी प्रदर्शनी का आयोजन करते हुए शनिवार को कार्यक्रम सम्पन्न किया गया. जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ग्रामीणों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी. इस दौरान गांव में स्कूली बच्चों के द्वारा रैली निकाल कर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया. इसके साथ शिक्षिका कोनिका सोनी के द्वारा री-यूज, रिड्यूस और रिसायकल(ट्रिपल आर) पद्धति द्वारा ग्रामीणों को प्रदर्शनी के माध्यम से शादी, पार्टी सहित अन्य कार्यक्रम में उपयोग होने वाले प्लास्टिक बोतल के सदुपयोग के बारे में बताते हुए ब्रिक्स, गमले, घर के सजावटी सामान, ट्री-गार्ड गुलदस्ते आदि बनाना बताया गया और साथ ही बताया कि प्लास्टिक जलाने से वायु प्रदूषण होता है, उसे जलाने के बजाय उसका सजावटी व उपयोगी समान बनाया जाए और गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील की गई. इस प्रदर्शनी के कार्यक्रम में शाला समिति की अध्यक्ष सहित समस्त सदस्यगण, ग्रामीण व शिक्षक शामिल हुए.

## अवैध गांजा बिक्री पर आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा

राजनांदगांव (दावा)। अवैध रूप से गांजा बिक्री के मामले में न्यायालय न्यायाधीश (एनडीपीसी एक्ट) पीठासीन न्यायाधीश डीआर देवांगन द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को दो वर्ष की सश्रम कारावास व 20 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा दी गई है। बताया जाता है कि न्यायालय ने अवैध रूप से गांजा बिक्री व परिवहन करने के मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त के विरूद्ध आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्त पुष्पेन्द्र सिंह पिता मृत्युंजय सिंह उम्र 42 वर्ष, निवासी खैरागढ़ वार्ड नं02 को धारा 20(ख)-2 (ख) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के अधीन दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं 20 हजार रूपये का अर्थदंड तथा अर्थदंड अदा न किये जाने की दशा में एक माह का सश्रम कारावास की सजा अतिरिक्त भुगताये जाने का दंडादेश पारित किया गया। साथ ही अवैध रूप से गांजा बिक्री व परिवहन करने का मामला प्रकरण में जब्त मोटर सायकल को राजसात करने का आदेश दिया गया है।

मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) राजनांदगांव धन्नू लाल सेन ने बताया कि 8 दिसंबर 2023 को थाना मोहगांव, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के निरीक्षक धमेन्द्र वैष्णव को मुखबीर से सूचना मिली साईन मोटर सायकल में एक भूरे रंग के लाईनिंग बैग में अवैध मादक गांजा रखकर गंडई से साल्हेवारा की ओर बिक्री करने जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर एनडीपीएस के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए थाना मोहगांव के सामने मेन रोड में पहुंचकर नाकाबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी से एक ग्रे कलर के होण्डा साईन मोटर सायकल में एक व्यक्ति कंधे में भूरे रंग का लाईनिंग पिट्टू बैग रखे मिला, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पुष्पेन्द्र सिंह बताया। विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से चार किलो कीमत लगभग 60 हजार रू. बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी पुष्पेन्द्र को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## नागपुर रेल्वे ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 69 बच्चों को किया रेस्क्यू




राजनांदगांव (दावा)। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/नागपुर मण्डल द्वारा वर्ष 2024 में ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 69 बच्चों को रेस्क्यू किये जाने के संबंध में दीपचंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त ध्रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मार्ग निर्देशन में रेसुब नागपुर मण्डल द्वारा वर्ष 2024 में अभी तक ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 69 बच्चों (जिसमें 42 नाबालिक लड़के एवं 27 नाबालिक लड़कियां) को रेस्क्यू किया गया। रेलवे सुरक्षा बल नन्हे फरिस्तेश नामक अभियान में निरंतर प्रयासरत है। इस मिशन के तहत घर से भागे/भटके एवं परिजन से बिछड़े नाबालिक बच्चें जो रेल परिक्षेत्र में पाए जाते हैं, उनकी देखभाल और सुरक्षा की ज़रूरत तथा उनको बचाने के लिए भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रीय रेल समर्पित है। वर्ष 2024 में अभी तक रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में 69 बच्चों को जोखिम से तथा खतरे में पड़ने से बचाया है।

नन्हें फरिस्ते सिर्फ़ एक ऑपरेशन नहीं हैय यह उन हज़ारों बच्चों के लिए जीवन रेखा है जो खुद को ख़तरनाक परिस्थितियों में पाते हैं। वर्ष 2024 अभी तक का डेटा अटूट समर्पण, अनुकूलनशीलता और लचीलेपन की कहानी को दर्शाता है। प्रत्येक नाबालिक बच्चों का बचाव समाज के सबसे कमज़ोर सदस्यों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वर्ष 2024 में अभी तक रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल द्वारा कुल 69 बच्चों को बचाया गया है, शुरुआती रुझान ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के लिए निरंतर प्रतिबद्धता का संकेत देते हैं। ये संख्याएँ बच्चों के घर से भागने की समस्या और उन्हें संबोधित करने के लिए आरपीएफके समर्पित प्रयास दोनों को दर्शाती हैं। अपने प्रयासों के माध्यम से, रेलवे सुरक्षा बल ने न केवल बच्चों को बचाया हैए बल्कि भागे हुए और लापता बच्चों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई है, जिससे आगे की कार्रवाई और विभिन्न हितधारकों से समर्थन प्राप्त हुआ है। यह अभियान लगातार नई चुनौतियों के अनुकूल विकसित हो रहा है और भारत के विशाल रेलवे नेटवर्क में बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। ट्रैक चाइल्ड पोर्टल में पीड़ित बच्चों के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। जब रेलवे सुरक्षा बल द्वारा किसी बच्चें को बचाया जाता है, तो नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उसे जिला बाल कल्याण समिति को सौंप दिया जाता है तथा बाल कल्याण समिति के द्वारा उन बच्चों को उनके माता-पिता को सौंप दिया जाता है।

## तमनार थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर को केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिला 'दक्षता पदक'




राजनांदगांव। रायगढ़ जिले के तमनार थाना प्रभारीआशीर्वाद राहटगांवकर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित करते हुए उनके निरंतर समर्पण की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर अन्य अधिकारियों को भी अपने कार्यों में रुचि लेकर उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

श्री राहटगांवकर ने बताया कि उन्हें यह पुरस्कार राजनांदगांव में पदस्थ रहते हुए एक अंधे कत्ल मामले में आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए मिला। उन्होंने अपनी इस सफलता को पुलिस विभाग और अपने सहकर्मियों को समर्पित किया है।

राजनांदगांव में पदस्थ रहते हुए उन्होंने 6 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद की सजा दिलाई, जिससे पीड़िता को न्याय मिला। श्री राहटगांवकर की इन उपलब्धियों ने न केवल उनके विभाग का मान बताया है, बल्कि अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए भी एक प्रेरणा का काम किया है।

वहीं तमनार थाना प्रभारी रहते हुए श्री राहटगांवकर ने कई महत्वपूर्ण मामलों में सफल कार्यवाही की है। जुलाई 2023 में 7 बाइक चोरों की गिरफ्तारी और सितंबर 2023 में 22 बाइक बरामद कर 2 चोरों को जेल भेजना उनके प्रमुख उपलब्धियों में से है। इसके अलावा, पाली घाट के सेल्फी पॉइंट पर हुए अंधे कत्ल मामले की गुत्थी सुलझाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## रेंगाकठेरा में सम्पन्न हुआ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दी**

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम रेंगाकठेरा में गायत्री परिजनों के सहयोग से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। उक्त यज्ञीय आयोजन में लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गायत्री को आहूति प्रदान कर गांव के समस्त लोगों सहित अपने घर- परिवार की खुशहाली व सुख- शांति व समृद्धि की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ के भाई ओमप्रकाश ने बताया कि रविवार 6 अक्टूबर को माँ गायत्री शक्तिपीठ राजनांदगांव के द्वारा भाई ब्रम्हानंद भाई व बहनों द्वारा उक्त 5 कुण्डीय यज्ञ विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम ग्राम रेंगाकठेरा तुमड़ीबोड के भाई भूपेंद्र वर्मा, झगेश्वर वर्मा के पूरा परिवार व अन्य जन सम्मलित हुए। अंत में सबको प्रसादी वितरित की गई।

## आज पंचमी : मां अम्बे भवानी का होगा पंचमी श्रृंगार




**○ रेल्वे स्टेशन में विराजित होगी बंगाल की दुर्गा**
**○ देवी मां की मनोहारी प्रतिमाएं देखने उमड़ रही भीड़**

राजनांदगांव (दावा)। आज नवरात्रि की पंचमी तिथि है। जगतजननी मां दुर्गे, अंबे, भवानी का पंचमी श्रृंगार किया जाएगा। इससे मातारानी का सौंदर्य और भी द्विगुणित हो उठेगा। आज पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां शारदा/सरस्वती प्रतिमा बिठाए जाने की मान्यता है। आज पंचमी के दिन ही रेल्वे स्टेशन में पश्चिम बंगाल से मां दुर्गा अम्बे की प्रतिमा को लाकर विधि-विधान के साथ बिठाया जाता है। स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन ने बताया कि पंचमी के दिन मातारानी की मनोहारी प्रतिमा बिठाए जाने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

बता दे कि स्थानीय रेल्वे स्टेशन परिसर में मां दुर्गा स्थापना की बहुत पुरानी परम्परा रही है। खासकर बंगाली समाज द्वारा यहां दुर्गोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस गरिमामय परम्परा के तहत स्टेशन पारा से पटरी पार के चिखली, मोतीपुर, रामनगर आदि में दुर्गो पूजा की धूम रहती है। स्टेशन पारा रेल्वे फाटक के समीप फ्लाई ओवर के बीच भव्य एवं मनोहारी मां दुर्गा की स्थापना की गई है। इसी तरह फ्लाई ओवर के नीचे चिखली की ओर के रास्ते में क्रम से दुर्गा भवानी अम्बे, जगदम्बे व मां शारदा की मनोमुग्धकारी प्रतिमाए विराजित है। चिखली के चांदनी चौक देशमुख होटल के पास तथा चिखली चौकी के पहले दुर्गोत्सव समिति वालो ने मां दुर्गा की महिषासुर राक्षस का वध करने वाली मनोहारी प्रतिमा की स्थापना की गई है। इसी तरह स्टेशन पारा से गौरी नगर रोड में एक से बढ़कर मां दुर्गे, सरस्वती, शारदा की प्रतिमाएं विराजित की गई है जहां नित्य प्रति मातारानी की पूजा आराधना का क्रम जारी है। इससे यहां का माहौल मां दुर्गा भवानी के भक्ति भाव में सना हुआ है। इन मनोमुग्धकारी देवी प्रतिमाओं का दर्शन करने भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

### पंचमी श्रृंगार

आज नवरात्रि की पंचमी तिथि को मां दुर्गा भवानी अम्बे जगदम्बे का श्रृंगार किया जाएगा। नख से लेकर शिख तक वस्त्राभूषणों से श्रृंगारित मातारानी का सौंदर्य इससे और भी द्विगुणित हो उठेगा। आज ज्योति जंवारा की बगिया में हल्दी पानी का सिंचन व तीन रंग के ध्वजा सहित नीबू चंदन, बंदन चढ़ाया जाएगा। इससे मातारानी की ज्योति जंवारा वाली बगिया लहलहा उठेगी। इस दौरान सेवक व जसगान करने वाले भक्तों द्वारा गाए जाने वाले जस गीत से लोगों में देवीय आवेग आना शुरू होगा।

बता दे कि नवरात्रि के प्रथम दिन से चौथे दिन तक मातारानी के यश- किर्ती का बखान जसगान के द्वारा हो रही है। महिलाएं व पुरूष जस गायकों द्वारा मातारानी की शान में मांदर ढोलक झांझ - मंजीरे के साथ पचरा, जसगान गाया जा रहा है। लेकिन इन पिछले चार दिनों तक भक्तों में दैवीय आवेग का नामो-निशान नहीं रहा। लेकिन पंचमी तिथि को मातारानी के लकदक श्रृंगार होते व अपने पूर्ण वैभव रूप में आते ही लोगों में दैवीय शक्ति का प्रवाह होना शुरू हो जाता है। और लोग मांदर ढोलक के चढते -उतरते सुर लय ताल के बीच देवीय आवेग से आवेशित हो उठते है। और झूमना- नाचना शुरू हो जाता है। महिलाएं बाल खोलकर नाच उठती है। पुरूष जन झूमने नाचने कूदने लग जाते है। जिसे डड़ईया चढना कहा जाता है। आज से नवरात्रि की अष्टमी तिथि तक यह नजारा देखा जा सकेगा। इसे एक प्रकार से दैवीय चत्मकार या मातारानी की कृपा व महिमा कही जा सकती है।

### मंदिरों में जगमग कर रहे ज्योत

नवरात्रि पर्व में शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला में इस बार तकरीबन 15 सौ ज्योति प्रज्जवलन किया गया है। इसमें से दो ज्योत नगर कल्याण के लिए राजपरिवार व पुजारी परिवार की ओर से स्थापित किया गया है। इसी तरह पाताल भैरवी मंदिर में 1800 के करीब मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित है। भरकापारा काली माई मंदिर इस बार 51 ज्योत से जगमगा रहा है। इसी तरह महामाया मंदिर कसाई पारा चंडी मंदिर लखोली नाका फिरतीन माता मंदिर नंदई व बसंतपुर तथा अन्य देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत जगमगा रहे है। आज वहां ज्योति जंवारा में पंचमी श्रृंगार के श्रद्धा के पुष्प अर्पित उपवास रहकर मातारानी का पूरे मनोयोग से पूजा-अर्चना करेंगे। मातारानी का सिर से लेकर पैर तक लकदक पंचमी श्रृंगार होने से जगमग नजर आने वाली मां सब पर अपनी कृपा दृष्टि से निहाल करेंगी। उनका सब पर कृपा दृष्टि बनी रहेगी। ऐसी प्रार्थना माई के सेवक व भक्तों द्वारा की जा रही है।

## अनमोल दावा

**"किताबें ऐसी शिक्षक है जो बिना कष्ट दिए, बिना आलोचना किए और बिना परीक्षा लिए हमें शिक्षा देती हैं।"**

# युद्ध के मुहाने पर पश्चिम एशिया, बढ़ सकती है भारत की समस्याएं

इजरायल के जवाबी हमले की आशंका से ग्रस्त ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भले ही इस्लामी जगत को एकजुट होने की नसीहत दे रहे हों और मुसलमानों को इजरायल के खिलाफ भड़का रहे हों लेकिन यह साफ है कि कतर को छोड़कर अन्य इस्लामी देश और विशेष रूप से अरब जगत के सुन्नी देश इस संघर्ष से दूर रहना चाहते हैं।

इजरायल की ओर से हिजबुल्ला के सरगना नसरुल्ला को मार गिराए जाने और लेबनान में सक्रिय इस संगठन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने के जवाब में ईरान ने पर उस पर मिसाइलें दागकर पश्चिम एशिया की हालत और अधिक बिगाड़ने का ही काम किया है। अब यह लगभग तय है कि इजरायल ईरान को निशाना बनाएगा। वह ईरान के परमाणु ठिकानों को भी नष्ट कर सकता है, क्योंकि ईरान की ओर से कहा जा रहा है कि वह इजरायल का नामोनिशान मिटा देगा। इसकी भी प्रबल आशंका है कि इजरायल ईरान के तेल ठिकानों को निशाना बनाएगा। यदि ऐसा होता है तो कच्चे तेल के दाम बढ़ना तय है। इससे विश्व अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा, जो पहले से ही रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण संकट का सामना कर रही है। यदि यहां के हालात खराब हुए तो इस क्षेत्र के विभिन्न देशों में रह रहे लाखों भारतीयों को निकालने की जरूरत पड़ सकती है। स्पष्ट है कि इससे भी भारत की समस्याएं बढ़ेंगी।

पश्चिम एशिया तबसे तनाव और युद्ध की आशंका से घिरा है, जबसे पिछले साल सात अक्टूबर को फलस्तीन के गाजा इलाके में सक्रिय आतंकी संगठन हमास ने इजरायल में घुसकर भीषण हमला किया था। इस हमले में हमास के आतंकियों ने 1200 से अधिक इजरायली नागरिकों को मार दिया था और 200 से अधिक लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले आए थे। इजरायल के लिए यह बहुत अधिक आघातकारी था। इजरायल ने हमास को सबक सिखाने के लिए गाजा में हमलों की झड़ी लगा दी। इन हमलों में हमास के तमाम आतंकियों के साथ आम नागरिक भी मारे जा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार अब तक 40 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। गाजा में इजरायल के हमलों के दौरान ही लेबनान के ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्ला ने भी इजरायली ठिकानों पर हमले करने शुरू कर दिए। इसके चलते इजरायल ने हिजबुल्ला को भी निशाने पर ले लिया। इससे चिढ़कर ही ईरान ने इजरायल को अपना निशाना बनाया। ऐसा करके उसने इजरायल को खुद पर हमले का मौका दे दिया है।

इजरायल के जवाबी हमले की आशंका से ग्रस्त ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भले ही इस्लामी जगत को एकजुट होने की नसीहत दे रहे हों और मुसलमानों को इजरायल के खिलाफ भड़का रहे हों, लेकिन यह साफ है कि कतर को छोड़कर अन्य इस्लामी देश और विशेष रूप से अरब जगत के सुन्नी देश इस संघर्ष से दूर रहना चाहते हैं। इजरायल और इस्लामी देशों के बीच अविश्वास और तनाव का रिश्ता नया नहीं है। इजरायल और इस्लामी देशों में तभी ठन गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र की पहल पर 1948 में फलस्तीन कहे जाने वाले क्षेत्र में एक नए राष्ट्र के रूप में दुनिया भर में बिखरे यहूदियों के लिए इजरायल की स्थापना की गई। इजरायल से तमाम संघर्ष के बाद अधिकांश अरब देश इस नतीजे पर पहुंच चुके हैं कि वे उसका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन ईरान और कतर जैसे देश अभी भी हमास और हिजबुल्ला के जरिये इजरायल को निशाना बनाने की नीति पर चल रहे हैं। इजरायल और इस्लामी देशों के बीच तनाव और युद्ध के लंबे इतिहास के बीच इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश हर हाल में इजरायल का साथ देना पसंद करते हैं। इन देशों ने पिछले एक साल में इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम के लिए तमाम प्रयत्न किए, लेकिन वे नाकाम रहे, क्योंकि हमास बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार नहीं हुआ। इजरायल की ओर से ईंट का जवाब पत्थर से देने की कठोर नीति अपनाने के बावजूद अमेरिका और उसके सहयोगी देश उस पर लगाम इसलिए नहीं लगाना चाहते, क्योंकि वह अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है और ऐसा देश अपने शत्रुओं के प्रति नरम रवैया नहीं अपना सकता। इजरायल के आक्रामक रुख को देखते हुए विश्व के अनेक देशों की यह अपेक्षा उचित ही है कि वह संयम का परिचय दे, फलस्तीन को अलग देश के रूप में स्वीकारे और हमास एवं हिजबुल्ला जैसे संगठनों को हथियारों के बल पर खत्म करने का इरादा छोड़े, लेकिन यह तभी संभव हो सकता है, जब ईरान जैसे देश भी इस मुगालते से बाहर आएं कि वे इजरायल का अस्तित्व मिटाने में सफल हो जाएंगे। ईरान इजरायल के लिए खतरा बने हमास और हिजबुल्ला का ही साथ नहीं देता, बल्कि सऊदी अरब की नाक में दम किए यमन के हाउती लड़ाकों की भी सहायता करता है। यही काम कतर भी करता है। हालांकि पश्चिमी देशों का ईरान पर कोई जोर नहीं, लेकिन वे कतर पर तो दबाव बना ही सकते हैं। वे इसमें भी सफल नहीं हो पा रहे हैं। ईरान के रवैये को देखते हुए अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी है। यदि इसके जवाब में रूस या चीन ईरान की मदद के लिए आगे आ जाते हैं तो पश्चिम एशिया विश्व की बड़ी शक्तियों का अखाड़ा बन जाएगा।

# छत्तीसगढ़ : कहानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक फ़र्ज़ी ब्रांच की, जहां रिश्वत लेकर नौकरी भी दी गई

**आलोक प्रकाश पुतुल**

**छत्तीसगढ़ के बनबरस गांव की ज्योति यादव को अभी भी यक़ीन नहीं हो रहा है कि पिछले सप्ताह तक वे जिस कथित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की छपोरा शाखा में नौकरी करती थीं, वह असल में कोई बैंक था ही नहीं. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कुछ अधिकारी जब पुलिस के साथ इस कथित बैंक पहुंचे तो ज्योति को पहली बार पता चला कि बैंक के बोर्ड से लेकर, उनकी नियुक्ति पत्र और सारे कर्मचारी तक फ़र्ज़ी थे.छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 200 किलोमीटर दूर सक्ति जिले में छपोरा गांव हैं, अब यहां के लोग इस घटना से हैरान हैं.इस मामले में पुलिस ने अनिल भास्कर नाम के एक शख़्स को गिरफ़्तार किया है. पिछले पखवाड़े, जब छपोरा गांव में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नाम से एक नई शाखा खुली तो गांव के लोग ख़ुश हो गए. लोगों को लगा कि अब बैंक से जुड़े काम के लिए उन्हें कहीं और नहीं जाना पड़ेगा.लेकिन यह ख़ुशी बहुत दिन तक नहीं रही.पिछले सप्ताह जब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने पुलिस के साथ इस कथित बैंक पर छापा मारा तब यह राज खुला कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नाम से खोला गया यह बैंक पूरी तरह से फ़र्ज़ी है.**




इसका स्टेट बैंक क्या? किसी बैंक से कोई लेना-देना नहीं है.गांव के अजय अग्रवाल बताते हैं कि उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कियोस्क के लिए आवेदन दिया था.स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कियोस्क, किसी व्यक्ति या निजी संस्था को कम आय वाले समूहों को सीमित बैंकिंग सेवाओं के संचालन की अनुमति देता है.आम तौर पर यह कियोस्क छोटे गांव-कस्बों में खोले जाते हैं.

अजय कहते हैं, एक दिन जब मैंने गांव में देखा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा ही खुल गई है तो मैं चौंक गया. मुझे लगा कि भला मेरे गांव में स्टेट बैंक की शाखा खोलने की क्या ज़रूरत आ गई? गांव के लोग जब बैंक में पहुंचे तो वहां कई कर्मचारी काम करते मिले.अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ, बैंक के भीतर अलग-अलग डेस्क बने हुए थे.गांव के लोगों का कहना है कि जब इस बैंक में अकाउंट खुलवाने की बात हुई तो कर्मचारियों ने कहा कि अभी सर्वर का काम चल रहा है, जल्दी ही अकाउंट भी खोला जाएगा.इस बीच स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक फ़ील्ड ऑफिसर चंद्रशेखर बोदरा और अजय अग्रवाल ने इस बैंक में कर्मचारियों से पूछताछ की तो उन्हें कुछ शक़ हुआ.उन्होंने जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शीर्ष अधिकारियों से चर्चा की तो बैंक अधिकारी चौंक गए.अगले दिन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी स्थानीय पुलिस के साथ इस कथित बैंक पहुंचे तो इस फ़र्ज़ी बैंक की कहानी सामने आई.लेकिन तब तक बैंक के कथित मैनेजर पंकज साहू फरार हो चुके थे.स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कोरबा के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक जीवराखन कावड़े ने 27 सितंबर को इस मामले में शिकायत दर्ज कराई.शिकायत के मुताबिक़, ये शाखा 18 सितंबर से खुली हुई थी, जहां 6 लोग काम कर रहे थे. इन्हें फ़र्ज़ी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया गया था.इस मामले में पुलिस ने अनिल भास्कर नामक एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया है.पुलिस के अनुसार अनिल भास्कर ने बैंक में नौकरी देने के नाम पर कुल 6,60,000 रुपये अलग-अलग यूपीआई आईडी से लिए.अनिल भास्कर ने इस रकम से एक सेकंड हैंड कार आई-20 भी खरीदी.पुलिस के अनुसार, पूछताछ में अनिल ने अपने 8 सहयोगियों के बारे में भी बताया है, पुलिस की अलग-अलग टीमें इन लोगों का पता लगाने में जुटी हुई हैं.अभियुक्त के ख़िलाफ़ पहले भी धोखाधड़ी का मामला सामने आ चुका है.रेलवे में नौकरी के नाम साढ़े सात लाख रुपये की ठगी का मामला बिलासपुर ज़िले में अभियुक्त के ख़िलाफ़ चल रहा है.

इसके अलावा इस फ़र्ज़ी बैंक में नौकरी करने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है.जिन लोगों को इस कथित बैंक में नौकरी दी गई थी, उनमें से सभी छह लोग ऐसे घरों से हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत मज़बूत नहीं है. इनमें से कुछ का कहना है कि उनसे इस कथित नौकरी के बदले रिश्वत भी ली गई थी.इस कथित बैंक में काम करने वाली ज्योति यादव बताती हैं कि उनके एक परिचित ने इस बैंक के बारे में जानकारी दी थी. वे जब इस बैंक में पहुंचीं तो उनसे ऑनलाइन फॉर्म भरवाया गया, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्र अपलोड करवाए गए, उनके फिंगर प्रिंट लिए गए.

ज्योति कहती हैं, मुझसे इस नौकरी के बदले ढाई लाख रुपये लिए गए थे. मुझे ऑफर लेटर दिया गया था और बाद में नियुक्ति पत्र भी. मुझे कहा गया था कि भी छपोरा शाखा में नियुक्ति की जा रही है, जहां प्रशिक्षण दिया जाएगा. मुझे एक बार भी नहीं लगा कि मैं किसी फज़ीवाड़े में फंस गई हूं. लेकिन अब तो सब कुछ बर्बाद हो गया.कोरबा जिले के भवरखोला गांव की संगीता कंवर बताती हैं कि उनके एक परिचित ने सक्ति ज़िले के छपोरा में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी की बात कही थी. वे जब वहां पहुंचीं तो उनसे पांच लाख रुपये की मांग की गई.उन्होंने अपने गहने गिरवी रख कर एक लाख रुपये का इंतजाम किया. हर महीने 5 फ़ीसदी के ब्याज पर एक लाख रुपये लिए. रिश्तेदारों से पचास हज़ार रुपये का इंतजाम किया. इस तरह उन्हें भी ढाई लाख रुपये देने के बाद कथित बैंक की नौकरी मिली थी.इस नौकरी के लिए उन्हें पुलिस वेरिफिकेशन के लिए उरगा थाना भी भेजा गया, जहां उन्होंने वेरिफिकेशन भी करवाया. लेकिन किसी को भी शक़ नहीं हुआ.पुलिस के एक अधिकारी कहते हैं कि केवल नौकरी देने के नाम पर, लोगों से पैसे वसूलने के लिए इस बैंक को खोला गया होगा, ऐसा नहीं लगता. लेकिन बैंक खोलने का असली उद्देश्य क्या रहा होगा, यह अनुमान लगा पाना मुश्किल है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 280 : राजा दशरथ ने कहा "मैं तुम्हारे वन जाने का सबसे बड़ा निमित्त बन गया हूं पुत्र"

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सीता जी ने भी अपने राजसी वस्त्रों के स्थान पर तपस्वियों द्वारा धारण किए जाने वाले वल्कल को पहना है।गेरुवे रंग के वस्त्र में माता सीता के दमकते मुख में अपूर्व तेज और अनुपम सौंदर्य है। यज्ञ में समिधा अर्पित करने के समय प्रज्वलित अग्नि का जो स्वरूप होता है, वही कांति,सौम्यता और पवित्रता सीता जी में है। राजा दशरथ ने उन्हें देखकर शय्या से उठने का प्रयत्न किया। श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी को देखकर उन्हें क्षीर सागर में शेष शय्या पर विराजित श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी का स्मरण हो आया। उन्होंने स्वयं से कहा, ''यह मैं कहां आ गया हूं प्रभु! साक्षात् श्री नारायण और माता लक्ष्मी मेरे समक्ष खड़े हैं। यह मेरा दुर्भाग्य है कि मैं अपने आराध्य का उचित प्रकार से स्वागत भी नहीं कर पा रहा हूं।क्या समय ठहर गया है और क्या मैं कोई स्वप्न देख रहा हूं? या अभी कुछ देर पूर्व कैकेई के दो वर मांगने से प्रारंभ हुई सारी बातें असत्य हैं? ऐसा ही हो तो उचित है''

लेकिन राजा कैकेई की तनी हुई और कठोर मुद्रा समझकर जान गए कि यह सब यथार्थ है और श्री राम, लक्ष्मण जी तथा सीता जी वनवास के लिए प्रस्थान करने से पूर्व अंतिम भेंट करने और आशीर्वाद लेने के लिए उनके समक्ष उपस्थित हुए हैं।

श्री राम को देखकर राजा दशरथ की आंखों से अश्रु बह निकले। उन्होंने डबडबाई आंखों और रूद्ध कंठ से कहा, ''पुत्र राम और पुत्री सीता !तुम दोनों ने मुझे श्री हरि और लक्ष्मी जी का स्मरण करा दिया। तुम्हारे जन्म के समय भी मुझे ऐसी ही अनुभूति हुई थी पुत्र लेकिन समय कितना परिवर्तित हो गया है। तब मेरे मन में प्रसन्नता थी.. आज मैं अपने जीवन में अधिकतम कष्ट के क्षणों में तुम्हारे रूप में साक्षात् श्री हरि को देख रहा हूं.. और इससे भी बड़ी विडंबना यह कि मैं अपने हरि और श्री के अयोध्या छोड़ देने का सबसे बड़ा निमित्त बन रहा हूं. मुझे क्षमा करना पुत्र..क्षमा करना पुत्री...।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## मां पाताल भैरवी के दरशन

संस्कारधानी राजनांदगांव शहर के बुड़ती बाजू थोरिक दुरिहा म मां पाताल भैरवी के मंदिर हावे। जेल बर्फनी आसरम घलो कहिथे। मंदिर हर बहिरी ले शिवलिंग नमूना कस दिखथे। अऊ भुईया ले बीस फीट भीतरी जाय के पाछु मां के दरशन होथे। जेन ह पाताल भीतर गुफा असन लागथे। तेकर से पाताल भैरवी कहिथे। जेन ह अड़बड़ देवी के संगम बिराजीत हे। डेरी ड़हार सबले पहिली बुद्धि के दाता गनेश ह हावे तेकर पाछू मां घुमावती, मां बगुलामुखी, मां मालड़ी, मां कमला देवी अऊ भैरव बाबा हावे। वोइसने जेवनी ड़ाहर मां छिनमस्ता, मां भुनेश्वरी, मां ललीता, मां षोडशी मां तारा, मां काली हावे। अऊ बीच म मां पाताल भैरवी बिकराल रूप म खड़े हे। अशिरबाद देवत हे। घन्टा के झंनकार गुजत रथे। वोसने उपर जाय बर तीस फीट में लगभग 40 सीढ़ी चढ़े के पाछु शिव जी के दरशन होथे उहु ह विकराल अऊ बढ़ भारी हावे। अऊ संगे संग बारह ज्योति लिंग के दर्शन घलो होथे। जहसे श्री नंदमाल (उज्जैन) श्री हमाकाल (म.प्र.) श्री ओमकालेश्वर (म.प्र.) श्री ओमकालेश्वर (म.प्र.) श्री बैद्यधाम (देवघर) श्री भीमशंकर (केदार) डाकिनी (हिमाचल) श्री रामेश्वरम सेतुबंध, श्री नागेश्वर (द्वरिका) श्री विश्वेश्तर (वाराणसी) श्री त्रयबंक (नासिक) केदारनाथ हिमालय, श्री परमेश्वर (मनमाड़) श्री सोमनाथ गुजरात बाहर ज्योतिलिंग के दरशन एके संग हो जाथे। अऊ थोरिक दुरिया म ज्योति कक्ष बने हे जिंहा जग मग जा सघ्घर अकन ले बरत रहिथे। अऊ हवन कुण्ड म मंत्र उच्चरन के संग देबी महिला के पाठ होत रथे। मंदिर के आघू म बर्फनी बाबा के आसरम बने हे। जिंहा बाबा जी भगत मन के संग बिराजे रथे। मंदिर के उपर नंदी जी भारी रूप म बईठे हे। जेन सबके मन ल मोहत रहिथ। अऊ समतली भुईया मा मेला लगथे। जेमा मां के सिंगार के जम्मो जिनिस बेचावत रथ। आनी बानी के सामान मिलत रथ। बड़का बड़का झुला के मजा लेवत रहिथे। अऊ शरद पुन्नी के रात जड़ी बुटी ले बने खीर (प्रसाद) दे जाथे। जेकर ले दमा, श्वास, खासी अऊ कईठन रोग नाश हो जाथे। अऊ मनोंरजन बर किसम किसम के नाचा गम्मत के संग संस्कृतिक कार्य करम होवत रहिथ। ये पाताल भैरवी धाम ह छत्तीसगढ़ में नहीं। येला पुरा विश्व म जाने जाथे। संस्कारधानी राजनांदगांव के गौरव अऊ मान आय। जम्मो नर नारी मनले पराथना हे एक घांव जरूरू दरशन करके अपन जीवन ल धन्य करय। मां पाताल भैरवी सबके मनोकामना ल पुरा करय।।



**आनंदराम साहू**
**कु.बो.भाठागांव**



## सामयिक चर्चा

### चतुर नेता कौन ?

टीवी में चैनल देखकर
बानी बोले -
हरियाणा के भाजपा नेता अनिल विज
मालूम गजाधर !
खुद पर गर्व करते हैं
और कहते हैं -
हरियाणा की जनता चाहती है कि
मै सीएम बनूँ ।
अब इससे आगे की बात गजाधर !
मैं आपसे कहूँ -
उनको विश्वास है कि वे
मुख्यमंत्री बनेंगे
तो हरियाणा में सब ठीक कर देंगे।
इस पर गजाधर।
आप अपनी प्रतिक्रिया बताएँ।
गजाधर मुस्कराए, बोले - बानी ।
आज चतुर नेता वही होता है,
जिसमें घमण्ड हो, शान हो,
और जो मारे जोश के
कुछ भी भविष्यवाणी कर दे।
और सही, न होने पर
'इस कारण-उस कारण' का
प्रभावशाली तर्क देकर,
दूसरों पर दोष मढ़ दे।



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### ।। फकत राज हूँ मैं ।।

खुद को समझा था तेरी महफिल की रौनक।
हैरान हूँ जो कहा तूने कि सिर्फ किरायेदार हूँ मैं।।
न चुका पाऊँगा मुझे ऐसे न आजमाओ औचक।
दूर से सही बस एक नजर कि तेरा तलबगार हूँ मैं।।
गर पहले मिल पाते तो, लिख पाता औ गीत गजल।
उम्र गुजरी बस यूं ही, पल दो पल तो जी पाता मै।।
सच कहता तलाश थी, रहबर रहगुजर की मुझे।
बस मुझको इतना पता, कुछ जख्म तो सी पाता मैं।।
क्या पता पिछला जन्म कुछ ऐसा जो कर गुजरे ।
यूँ न उठता समन्दर कि भर-भर आँसू न बहाता मैं।।
वो हिसाब लिए है बैठा, शायद जन्मों-जन्मों का।
लगता हिसाब में गफलत, दुख बेहिसाब न पाता मैं।।
सिर्फ एक अफसाना कि, सुन लो सुनाना है तुझे।
तेरे दर से कईयों बार, लौटाया लौट आया मैं।।
वो कहते बर्बादियों का डगर, मगर संकरी सी भली।
जिस गली में न जाना था, जाकर न लौट पाया मैं।।
तुझे लगता कि फिक्र तेरी, मुझको तो न कभी रही।
बस तेरी इसी बात पे, बार-बार जार-जार रोया मैं।।
अब तो 'मैं' खुद ही न रहा, अब तो बस 'तू' ही 'तू'।
दूर से ही सही देखा तो, अच्छा है खुद को खोया मैं।।
मेरे जूतों से औकात जानने, है माहिर ये जमाना।
सुनो कि अंतिम सफर में, औरों का मोहताज हूँ मैं।।
चेहरे, कपड़े से कयास, तो कभी अल्फाज से मेरे।
सबने किए बिन पड़े प्रमाणित फकत राज हूँ मैं।।



रोशन साहू, मोखला

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे।

**वृषभ** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास बढ़ेगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**सिंह** — आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के केमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनायेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेगा। आपका कोई पुराना दोस्त आपको फोन कर के आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी।

**तुला** — आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। आप घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है।

**वृश्चिक** — आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे। आज कोई अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा।

**धनु** — आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी यैसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी, जीवनसाथी के साथ कोई अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के क़ानूनी मामलों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे- समझे किसी अजनबी पर भरोसा न करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# जबलपुर से गोंदिया आने वाली ट्रेनों को डोंगरगढ़ तक बढ़ाने लिखा जीएम को पत्र

डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में दर्शनार्थियों की लगातार बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य व पूर्व पालिका अध्यक्ष तरुण कुमार हथेल ने स्टेशन मास्टर के माध्यम से रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर गोंदिया से जबलपुर आने - जाने वाली ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ तक करने के साथ-साथ ट्रेन का नामकरण आचार्य श्री विद्यासागर जी महराज के नाम से करने की मांग भी की है।

अपने पत्र में उन्होंने बताया की डोंगरगढ़ एक धार्मिक महत्व का केंद्र है। जहां वर्षभर दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा रहता है। फरवरी माह में आचार्य विद्यासागर जी ने चंदगीरी तीर्थ क्षेत्र में समाधि ली थी। जिसके कारण चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र अब वर्तमान विश्व में महा तीर्थ के रूप में स्थापित हो गया है। आचार्य श्री की समाधि के दर्शन करने प्रतिदिन भारत के विभिन्न नगरों से सैकड़ो लोग आते हैं। इसके साथ-साथ ढाई हजार साल पुराने मां बमलेश्वरी देवी के अतिशय मंदिर में भी लाखों दर्शनार्थी नवरात्रि पर्व के दौरान व अन्य समय पर पहुंचते हैं।

### प्रतिदिन हजारों की संख्या में पहुंचते हैं दर्शनार्थी

यह मंदिर देश विदेश में भी विख्यात हो गया है।प्रतिदिन हजारों तीर्थ यात्री दर्शन करने धार्मिक नगरी में पहुंचते हैं। जबलपुर से आने वाली ट्रेन गोंदिया तक ही आती है।डोंगरगढ़ तक आने वाली रेल गाड़ियों को



**पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल की विशेष पहल**

सीधे यात्री गाड़ी न मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्री अनेक घंटे गोंदिया रेलवे स्टेशन में इंतजार करते रहते हैं। जिससे उन्हें बहुत अधिक असुविधा होती है। श्री हथेल ने अपने पत्र में कहा की ऐसी स्थिति में जबलपुर से गोंदिया चलने वाली ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ तक अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव सांसद संतोष पांडे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व जनरल मैनेजर बिलासपुर को भी दी है।

### सर्वधर्म की नगरी डोंगरगढ़ धाम के नाम से प्रसिद्ध है डोंगरगढ़

वास्तव में डोंगरगढ़ विभिन्न धार्मिक स्थलों का केंद्र बन चुका है बौद्ध धर्मावलंबी भी बड़ी संख्या में यहां प्रज्ञा गिरी तीर्थ क्षेत्र में दर्शन करने पहुंचते हैं। वर्ष में 6 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन भी होता है।इसी प्रकार चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में भी आए दिन बड़े कार्यक्रम होते रहते हैं।बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने यहां बच्चियों के लिए आवासीय स्कूल भी संचालित है।

देशी वेस्टन को बढ़ावा देने हटकरघा केंद्र भी चल रहा है। ढाई सौ से अधिक हटकरघा कार्यकर्ता यहां कार्यरत हैं। मां बमलेश्वरी तीर्थ क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शनार्थी ट्रेन व बस मार्ग से डोंगरगढ़ पहुंचते हैं।यदि ट्रेनों का विस्तार किया गया तो यहां दर्शनार्थियों के और अधिक बढ़ने की संभावना है।साथ ही यहां का व्यवसाय भी बढ़ेगा इसलिए यहां ट्रेनों का विस्तार अत्यंत आवश्यक है।सांसद संतोष पांडे भी इस धर्म क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भी फिटलाइन वॉशिंग लाइन के निर्माण की मांग रेल मंत्री से की है।

# भाजपा नेताओ ने दर्शनार्थियों को भाजपा का सदस्य बनाया



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ शहर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान अनेक स्थानों पर स्टॉल लगाकर डोंगरगढ़ पहुंच रहे मां बमलेश्वरी के भक्तजनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

**भाजपा नेता हरविंदर एस मंगे के नेतृत्व में कार्यकर्ता हुए एक्टिव**

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, वीरेंद्र कुमार सोनी, डोंगरगढ़ शहर महामंत्री संतोष राव डोंगरगढ़ विधानसभा मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व यूवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ शहर भाजपा मंत्री वीरेंद्र साहू, मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, गीता मानिकपुरी, रामकुमार दड़सेना, कमलेश उजवाने, सहित बहुत से कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता बढ़ाने के कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

## पहला कॉलम...

### ग्राम मारूटोला एवं मंडलाटोला में हरियाली बहिनी अभियान



खैरागढ़ (दावा)। 22 पेड़ जिंदगी के नाम कार्यक्रम हरीयाली बहिनी के तहत ग्राम मारूटोला एवं मंडलाटोला में किया गया इस दौरान हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, सरपंच रोहित वर्मा, सुनिता वर्मा, कस्तूरी धनकर, विनोद साहू, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे 22 पेड जिंदगी के नाम के तहत किसानों ने अपने घर बा?ी में केशर आम का रोपण किया गया। शिवकुमार देवांगन ने बताया की केशर आम 4 वर्ष में फल देने लगता है, काफी स्वादिष्ट एवं टीकाऊ होने के कारण रेट अधिक होता है गांव में सभी के यहां फलदार पौधे लगायें उसके लिए सभी को एकजुट होना चाहिए जिससे गांव का नाम केशर आम से पहचान बन सके बहुत कम दरों पर गांव में आम पौधा उपलब्ध कराई जा रही है। हरियाली बहिनी के अलावा आपके वि.ख. के विनोद साहू, राजेश वर्मा, कस्तूरी धनकर लगीं हुई हैं उन्होंने ने आगे कहा अपने गांव के अलावा आस-पास गांव में भी प्रचार प्रसार करे ताकि उन्हें भी लाभ मिल सके।

### कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता को विधायक ने दी अपनी श्रद्धांजलि



डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत भैंसरा के कर्मठ कार्यकर्ता भीखम कुंजाम के दशगात्र कर्यक्रम में शामिल होकर पुष्प अर्पित कर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने अपनी श्रद्धांजलि दी।

विधायक श्रीमती बघेल ने मृतात्मा की शांति के लिए दो मिनट मौनधारण कर परिजनों का ढांढस बंधाया। इस शोक कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती पुष्पा गौकरण वर्मा, चुम्मन साहू, फिरंगी पटेल, जगदेव साहू, कीर्तन मंडावी, दीपक बाई, ललिता बाई, सरस्वती, कौशिल्या एवं समस्त ग्रामीण और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### बच्चों की शिक्षा के लिए जागरूक रहे पालक



डोंगरगढ़ (दावा)। प्राथमिक शाला उरई डबरी में द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक रेखा देशलहरे ने बैठक की विशेषता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने पालकों को आमंत्रण भोज, मैजिक बॉक्स, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, मेरा कोना, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नवाचार की आवश्यकता आदि के बारे में बताया।

शिक्षक ऋतुराज साहू ने पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। बैठक में शिक्षिका पदमा चंद्रवंशी, खेमिनबाई, सावित्री साहू, प्रेमबाई, हरेलियाबाई, नूतनबाई, रूखमणीबाई, दुलेश्वरी, ओमकार, रूपेश कुमार, हीरासिंग, गिरवर चंद्रवंशी, प्रीतम मारकंडे, तिजियाबाई, धनकुंवरबाई, सकीनाबाई, देवकुमारी, पदमाबाई, खिलावन, उमेश कुमार, मनोहर, पुसऊराम आदि उपस्थित थे।

### विधायक भोलाराम साहू शोकाकुल परिवार से मिले दी श्रद्धांजलि



छुरिया (दावा)। ग्राम अरजकुण्ड (छुरिया) निवासी प. कामता प्रसाद तिवारी के माता जी श्रीमती गजरा बाई तिवारी का निधन 25.सितंबर 2024 को हो गया था, जिनके तेरहवी एवं गंगा पूजा कार्यक्रम में माननीय विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू जी शामिल होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं ईश्वर से प्रार्थना किए कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट किए. इस दौरान लाला सिन्हा, गोपस यादव, आशिक राम, कुलंजन सिन्हा एवं परिजन उपस्थित थे।

# निर्मला की कलम से, पत्रिका का परिवार के सदस्यों से कराया विमोचन



डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम जामरी निवासी प्रतिष्ठित सिन्हा परिवार की सदस्या ने कड़ी मेहनत कर पुस्तक निर्मला की कलम से, का प्रकाशन परिवार के सदस्यों से कराया। यह एक अनुकरणीय पहल देखने को मिल रही है। बताया गया है कि सिन्हा परिवार की सदस्या श्रीमती निर्मला सिन्हा एक कुशल गृहणी के साथ - साथ एक कुशल लेखिका भी है।जिनके द्वारा लिखे गए लेख का अक्सर अंतरराष्ट्रीय पत्रिका पर भी प्रकाशन होते आ रहा है। विमोचन के अवसर पर लेखिका निर्मला सिन्हा ने कहा है कि प्रकाशन के इस खुशी के माहौल में सबको खुश देख बहुत ही खुशी हुई। और पुस्तक की समीक्षा महान साहित्यकारों द्वारा भी की गई है। समीक्षा के साथ शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से मानवाधिकार संरक्षण झारखंड से भागवत प्रसाद, जय सिंह फौजदार सर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक गोविंदम फाइनेंस प्रा लि भीलवाड़ा सहित अन्य शामिल है। इस अवसर समाजसेवी गंगा प्रसाद सिन्हा, श्रीमति राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा धनेशवरी, पति टिकेंद्र सिन्हा बेटा-सौरभ कुमार सिन्हा बेटी- कुमारी वैष्णवी सिन्हा के अलावा अन्य परिवारिक सदस्य व सहयोगियों की उपस्थिति रही।

# वीरगाथा पर विद्यार्थियों ने की कविता रचना, पेंटिंग भी बनाए



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो में वीरगाथा की गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को कविता निबंध, कहानी व चित्र लेखन की गतिविधि कराई गई. विद्यार्थियों द्वारा 5 अक्टूबर शनिवार को वीर जवानों के संबंध में मेरे आदर्श, वीरता पुरस्कार विजेता, बलिदानी पुरुष से संबंधित कहानी व कविता की रचना की गई. वहीं महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन गाथा पर चर्चा हुई. इस आयोजन पर शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गणेश्वरी कंवर, उपाध्यक्ष अशोक साहू, यशोदा साहू पालक समिति के अन्य सदस्यगण व शिक्षाकगण उपस्थित रहे. इस आयोजन में कक्षा तीसरी से 5वीं तक के 30 बच्चों ने हिस्सा लिया. जिसमें उन्होंने अपने अपने स्तर पर अपनी कला और बुद्धि का शानदार प्रदर्शन किया. इस स्पर्धा में कक्षा चौथी की ढालनी कंवर प्रथम, द्वितीय दिव्यानी साहू तथा तृतीय स्थान पर सिमरन कंवर और चंचल साहू रहे. शाला की शिक्षिका कोनिका सोनी के द्वारा चित्र प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया वहीं इस वीर गाथा कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे शहीद हुए वीर जवानों के बारे में बच्चों को जानकारी देना और देश भक्ति के लिए प्रेरित करना है. इस दौरान सभी शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

# 390 पौवा के साथ एक नाबालिक सहित 4 पकड़ाए



डोंगरगांव (दावा)। थाना डोंगरगांव क्षेत्र में जुआ, शराब, चोरी की लगातार बढ़ती गतिविधियों के चलते पुलिस व्दारा धरपकड़ अभियान प्रारंभ है. इसी क्रम में 5 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही के दौरान आरोपियों के पास से सफेद रंग के तीन बोरियों में कुल 390 नग पौवा सीलबंद देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है जो कि 35100 रूपये कीमती बताया गया. साथ ही दो नग मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी08 एव्ही 5199 कीमती 40,000/- रूपये एवं मोटर सायकल पैशन प्रो क्र0 सीजी08एस2823 लालरंग कीमती 20000/- रूपये, एक नग धारदार चाकु स्टील का बटनदार कुल कीमती 95100/- रूपये को जप्त किया गया. जिसमें 03 आरोपियों दीपेश राजपुत पिता स्व0 भागवत सिंह राजपुत उम्र- 28 साल, पता- वार्ड नं0 08, करियाटोला, डोंगरगांव, शुभम गजभिये पिता चंद्रमणि गजभिये, उम्र-24 साल, पता वार्ड नं0 09, सेवतापारा, डोंगरगांव, मयंक सोनटेके पिता मिलिंग सोनटेके, उम्र-24 साल, पता-सिनेमा लाईन डोंगरगांव को गिरफ्तार किया गया, वहीं एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 01 नग धारदार चाकु स्टील की जप्त किया गया है. सभी गिरफ्तार आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है.

# चिरायु योजना से 14 साल की छात्रा रागिनी पटेल की जन्मजात बधिरता से मिली मुक्ति, चिरायु योजन से मिला श्रवण यंत्र



खैरागढ़ (दावा)। शासन द्वारा संचालित चिरायु योजना (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) विभिन्न प्रकार की जन्मजात बीमारी तथा विकृति वाले बच्चों की चेहरे में मुस्कान बिखेर रही है।।योजना अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के कटे-फटे होंठ, मोतियाबिंद, टेढ़े-मेढ़े हाथ पैर, श्रवण बाधा सहित विभिन्न प्रकार की बीमारी तथा विकृति पर निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चिरायु योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे जन्मजात बीमारी तथा विकृति वाले बच्चों को नया जीवन मिल रहा है। विकासखंड खैरागढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपलाकछार में चिरायु दल दवारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान रागिनी पटेल पिता हरिकांत पटेल में जन्मजात बधिरता की समस्या पाई गई। जिसके पश्चात चिरायु दल खैरागढ़ द्वारा सीआरसी सेंटर राजनांदगांव ले जाया गया, जहां से उन्हें ब्रेनस्टेम इवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री (बीईआरए) परीक्षण के लिए डीईआईसी दुर्ग रेफर किया गया। जहां उनकी जांच के पश्चात रिपोर्ट प्रदान किया गया।

**शासन-प्रशासन के प्रति जताया आभार**

बीईआरए टेस्ट की रिपोर्ट के माध्यम से उनका जिला अस्पताल राजनंदगांव से बच्चे का विकलांगता प्रमाण पत्र बनावाया गया, आवश्यक दस्तावेज को सीआरसी सेंटर राजनंदगांव में जमा करने के उपरांत हियरिंग एड ( श्रवण यंत्र) प्रदान किया गया। जिससे बच्ची के परिवारजन काफी खुश है और उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। चिरायु टीम प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण मांडवी एवं टीम द्वारा बच्ची का समय- समय पर फॉलोअप लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिराय योजना का संचालन किया जा रहा है। किसी केस में टीम के सहयोग से बच्चों का उच्च स्थान में रेफर कर ईलाज भी होता है, इसके लिए किसी प्रकार का कोई धन खर्च नहीं करना पड़ता।

# घासीटोला एवं लमती में जिमीकंद लगाओं पैसा कमाओ अभियान की शुरूआत



मोहला (दावा)। 5 अक्टूबर शनिवार को जिमीकंद लगाओं पैसा कमाओ अभियान की शुरूआत मोहला वि.ख. के ग्राम घासीटोला एवं लमती में की गई इस दौरान पद्मश्री फूलबासन यादव, अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, हरियाली बहिनी जनीया साहू, चंद्रकला, जयश्री, तीहारू राम, देवकुमार ग्राम के वरिष्ट एवं महिला स्व.सहायता समूह उपस्थित रही। इस दौरान पद्मश्री फूलबासन ने कहा की जिमीकंद बीना लागत एवं देखरेख में हो जाता यह अभियान देश का पहला अभियान है जो जिमीकंद रोपण कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने मुहिम में लगी है। जिमीकंद अनेक गुणों से परिपूर्ण है स्वादिष्ट तो है ही साथ ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। पूर्व में भी 32 लाख से अधिक जिमीकंद बीज का रोपण किया गया है जिसका लाभ महिलाओं को हो रहा है उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा की देशी जिमीकंद सभी के पास उपलब्ध है बस उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। शिव कुमार देवांगन ने बताया की देशी जिमीकंद बीज रोपण प्रारंभिक तौर पर 200 गांवों में 20 लाख रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है पूर्व में लगाये जिमीकंद से करोड़ो रू तक का लाभ हो रहा है जिमीकंद बीज 2 वर्ष में 1.5 किलो होता है प्रति किलो 30रू मिलता है महिलायें कम से कम 300 बीज लगाने के लिए प्रेरित की जा रही है इससे 13500 तक लाभ 2 वर्षो में होगी अगर 20 लाख जिमीकंद लगाते है तो 2 वर्ष में 9 करोड़ लाभ होगी पूर्व से 14 करोड़ कुल 23 करोड़ 2 वर्ष में लाभ प्राप्त होंगी 99 प्रतिशत जिमीकंद बीज का रोपण सफल होता ही है इसको देखते हुए लगातार महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। पूर्व में जिमीकंद अभियान के लिए पदयात्रा, सम्मेलन, सम्मान समारोह जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह उपस्थित हुए थे साथ ही सम्मानित लोगों को 1 लाख तक पुरूस्कार वितरण किया गया।

# भू-जल संरक्षण के कार्यो से हो रही पानी बचाने की अभिनव पहल

**खैरागढ़ (दावा)। जल संरक्षण को लेकर वर्तमान में सभी जगह अनेको प्रयास और कार्यक्रम सहित कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। जिसके लिए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के विकासखंड छुईखदान में भी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वृहद् तौर पर जल संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधन संवर्धन के कार्य किये जा रहे है।**

जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला प्रशासन के मार्गदर्शन मे मानसून के आने के पहले ही जल संरक्षण के कार्यो के क्रियान्वयन पर जोर देना शुरू कर दिया था। बारिश के पानी को जो बहकर नालियों के माध्यम से व्यर्थ चला जाता है, उसे संरक्षित करने के लिए पहाड़ों एवं ढ़लान वाली जगहो पर कंटूर/स्टैगर्ड ट्रेंच, 30-40 संरचना एवं मिनी परकोलेशन टैंक के अधिक से अधिक निर्माण करने का तरीका अपनाया है। जिसके तहत विकासखंड छुईखदान के कई पहाड़ी एवं ढलान वाली क्षेत्रों को चयनित किया गया है।



गांव में निवास करने वाले लोग अपने गांव के भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित होते हैं। वे अपने अनुभव के आधार पर गांव के ऊंचाई एवं ढलान की स्थिति से अवगत होते है। वे गांव की समस्या को पहचानकर उनके समाधान के उपाय भी जानते हैं। ग्राम विकास की कार्ययोजना ग्रामीणों द्वारा बनाये जाने से बड़ी से बड़ी समस्या को भी हल किया जा सकता है। इसका जीता-जागता उदाहरण खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के विकासखण्ड-छुईखदान की ग्राम पंचायत-नादिया के ग्रामीणो ने प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत नादिया के आश्रित ग्राम बसावर से लगी पठारी ढाल में स्टैगर्ड ट्रेंच, समतल जगह में 30-40 संरचना एवं ढलान के निचले भाग में मिनी अंतः स्त्रवण (परकोलेशन) टैंक का निर्माण कर अनुपयोगी समझी जाने वाली भूमि को उपयोगी बनाकर क्षेत्र में गिरते भू-जल स्तर को नियंत्रित करने का माध्यम बना लिया गया है। स्टैगर्ड ट्रेंच बनाकर और वृक्षारोपण कर वातावरण को संतुलित एवं भूमि के कटाव को रोकने का यह एक सकारात्मक प्रयास है। ऊपरी हिस्से में ट्रेंचिंग निचले हिस्से में मिनी अंतः स्त्रवण (परकोलेशन) टैंक के द्वारा वर्षा जल को संग्रहित कर, गांव की जमीन को सिंचित करने की इस योजना ने महात्मा गांधी नरेगा योजना से मूर्त रूप लिया है। पहले बारिश के दिनो मे बारिश का पानी ढलान के कारण सीधे नाले मे चला जाता था, लेकिन अब ट्रेंच निर्माण, कच्ची नाली एवं अंतः स्त्रवण टैंक के बनने से जमीन पर पानी रूकने से भू जल स्तर मे वृद्धि मे कारगर होगा।

विकासखण्ड छुईखदान में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 04 ग्राम पंचायतों में स्टैगर्ड ट्रेंच निर्माण कार्य किया गया है।।जहां ग्राम पंचायत नादिया में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।। 1.5 एकड़ मे 30-40 संरचना का निर्माण एवं लगभग 10 एकड़ मे स्टैगर्ड ट्रेंच निर्माण में गढ्ढे खोदे गए हैं। जिनमें बारिश का पानी बहनें के बजाए सीधे इन तमाम गढ्ढो में भरता जाता है और इसके बाद ओवरफ्लो होने पर वह बगल के दूसरे गढ्ढो में भर जाता है। इन गढ्ढो के बाद सतत कंटूर ट्रेंच भी बनाये गए है एवं 0.25 एकड़ में एक मिनी अंतः स्त्रवण (परकोलेशन) टैंक भी बनाया गया हैं। जिससे पानी जरा भी व्यर्थ ना होते हुए गढ्ढो और मिनी परकोलेशन टैंक के माध्यम से पूरी तरह जमीन में सोख लेता है।

ग्राम पंचायत नादिया के सरपंच का कहना है, कि उनके ग्राम पंचायत में भूजल स्तर मे काफी कमी आ गयी है। जिससे उनके ग्राम पंचायत में भविष्य में जल संकट की स्थिति भी बन सकती है। जनपद पंचायत छुईखदान के अधिकारियो के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा योजना से जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन संवर्धन के कार्यो के संबंध में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने ग्राम सभा की बैठक मे इस बारे में चर्चा किया एवं सभी ग्राम वासियों द्वारा जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन संवर्धन के कार्यो को अधिक से अधिक कराये जाने हेतु मनरेगा अनुमेय कार्यो को ग्राम सभा में प्रस्तावित किया। उनका कहना है,कि इस प्रकार वर्षा जल के संरक्षण से भूजल स्तर बढ़ेगा और विकराल होती जल संकट की स्थिति कम होगी। ग्राम पंचायत द्वारा बंजर जमीनों को इन गढ्ढो के लिए चुना गया है, अगर इन गढ्ढो में जल संरक्षण के साथ ही किए गए पौधारोपण सफल हुए तो कुछ वक्त बाद ही यह सारे क्षेत्र हरे-भरे और उपजाऊ हो जाएंगे।

## पहला कॉलम...

### इजरायल के भीषण हवाई हमले से 24 लोगों की मौत

देर अल-बला (गाजा पट्टी)। इजरायली सेना ने मध्य गाजा में हमास आतंकवादियों को निशाना बनाते हुए एक मस्जिद पर भीषण हवाई हमला किया है। इजरायल के इस हवाई हमले में मस्जिद के पूरी तरह परखच्चे उड़ गए। पूरी इमारत मिट्टी के ढेर की तरह बिखर गई। इजरायली सेना ने यह हमला आज तड़के किया। इस दौरान मस्जिद में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गयी। फिलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने एक बयान में बताया कि च्देर अल-बलाज् शहर में स्थित अस्पताल के समीप मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया। च्एसोसिएटेड प्रेसज् के एक पत्रकार ने अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि सभी मृतक पुरुष थे। दो अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल हैं। इजरायली सेना ने अभी मस्जिद पर हमले के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। फिलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा हमलों से गाजा में फलस्तीनियों की मृतक संख्या अब 42,000 के करीब पहुंच गयी है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने आम नागरिक और आतंकवादी हैं, लेकिन मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। (एपी)

### चीन ने हैक कर लिया अमेरिकी अदालतों का 'वायरटैप सिस्टम'

वाशिंगटनः चीनी हैकरों ने अमेरिकी ब्रॉडबैंड प्रोवाइडर्स नेटवर्क को हैक करके हड़कंप मचा दिया है। संघीय सरकार इससे प्राप्त सूचनाओं का इस्तेमाल अदाल द्वारा अधिकृत वायरटैपिंग के लिए करती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) के अनुसार चीन ने अमेरिकी अदालत के इस पूरे वायरटैप सिस्टम को ही हैक कर लिया है। डब्ल्यूएसजे ने इस मामले से जुड़े कई लोगों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका की वेरीजोन कम्युनिकेशन, एटी एंड टी और ल्यूमेन टेक्नालॉजीज उन टेलीकॉम नेटवर्किंग कंपनियों में शामिल हैं, जिनमें हाल ही में घुसपैठ करने और सेंधमारी करने का पता चला है। अखबार ने कहा कि ऐसा लगता है-÷हैकरों ने अमेरिकी अदालत द्वारा अधिकृत अनुरोधों के साथ सहयोग करने के लिए कंपनियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले आधारभूत नेटवर्क तक महीनों से पहुंच बनाए रखी थी।इसके अलावा हैकरों ने इंटरनेट ट्रैफिक के अन्य हिस्सों तक भी पकड़ बना ली थी। मगर चीन के विदेश मंत्रालय ने इस पर अधिकृत बयान देने के लिए रॉयटर्स के अनुरोध का अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। हालांकि बीजिंग ने इससे पहले भी विदेशी कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगाने के लिए हैकरों का इस्तेमाल करने के अमेरिकी सरकार और अन्य के ऐसे दावों का खंडन किया है। वेरिज़ोन कम्युनिकेशंस, एटी एंड टी और ल्यूमेन टेक्नोलॉजीज ने भी टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

### भूत भगाने के नाम पर मौलवी ने की महिला से छेड़छाड़

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में एक महिला ने मौलवी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि पहले मौलवी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। फिर उसके ऊपर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। मामला बरेसर थाना क्षेत्र के माटा गांव का है। महिला की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। महिला मूल रूप से बलिया की रहने वाली है। महिला का आरोप है कि शैतानी साया भगाने के नाम पर मौलवी ने धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। मौलवी शान अहमद माटा गांव में ही अपना दरबार चलाता है। जहां बीमार लोग झाड़-फूंक के लिए आते हैं। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला के परिवार वाले भी मौलवी शान अहमद के दरबार मे आते रहे हैं। महिला के परिवार वालों पर मौलवी का खासा प्रभाव था।

मौलवी ने महिला पर भूत-प्रेत का साया होने का दावा किया था। जिसके बाद इलाज के लिए उसे माटा गांव में अपने दरबार में बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की और धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया। गाजीपुर के एएसपी अतुल कुमार सोनकर का कहना है कि फिलहाल क्क पुलिस केस दर्ज कर मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है, जबकि मौलवी गांव से फरार है।

### कोरियोग्राफर जानी मास्टर को बड़ा झटका, अवॉर्ड, सेरेमनी में लगी रोक

नई दिल्ली। साउथ और हिंदी फिल्मों के फेमस कोरियोग्राफर शेख जानी बाशा उर्फ जानी मास्टर को इस साल बेस्ट कोरियोग्राफी कैटेगर में नेशनल अवॉर्ड मिलने वाला था. लेकिन कोरियोग्राफर पर लगे यौन शोषण के आरोप की गंभीरता को देखते हुए उनका अवॉर्ड वापस ले लिया गया है.

साथ ही उनके सेरेमनी में शामिल होने पर भी रोक लगा दी गई है. राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 का सुपरहिट गाना आई नहीं के कोरियोग्राफर शेख जानी बाशा उर्फ जानी मास्टर की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं. जानी मास्टर 19 सितंबर से रेप के आरोप में जेल में बंद हैं. इसी बीच अब उन्हें एक और बड़ा झटका लगा है. जानी मास्टर को मेघम करुक्कथा गाने के लिए बेस्ट कोरियोग्राफी कैटेगरी में मिलने वाला नेशनल अवॉर्ड वापस ले लिया गया है.

# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से पहला टी-20 हराया



ग्वालियर। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 रविवार को ग्वालियर के न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। भारतीय टीम ने इस मैच को 7 विकेट से अपने नाम कर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश टीम ने भारत की शानदार गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिए। बांग्लादेश टीम 127 रन पर सिमट गई। जवाब में टीम इंडिया ने 11.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 132 रन बना दिए। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव गदगद नजर आए।

#### प्लान हमारे काम आया

मुकाबले के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा, हमने अपनी स्किल को बैक किया। हमने टीम मीटिंग में जो प्लान बनाया था वह हमारे काम आया। प्लेयर्स ने नए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया। जिस तरह से हमने बल्लेबाजी, वह काफी अच्छी थी। पहले टी20 में मयंक यादव और नीतिश रेड्डी ने डेब्यू किया।

#### गेंदबाजी ऑप्शन बना सिरदर्द

डेब्यू करने वाले प्लेयर्स को लेकर सूर्यकुमार यादव ने कहा, ÷अगले मुकाबले में उन्हें देखने के लिए उत्सुक हूं। जब आप मैदान पर होते हैं और आपके पास अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प होते हैं तो यह एक अच्छा सिरदर्द होता है। आप हर खेल खेलते हुए हमेशा कुछ नया सीखते हैं। सुधार करने के लिए कुछ क्षेत्र होंगे, हम बैठेंगे और अगले गेम से पहले इस बारे में बात करेंगे।

#### सूर्या ने खेली तूफानी पारी

भारत की पारी की बात करें तो अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 25 रन की साझेदारी हुई। दूसरे ओवर में अभिषेक रन आउट हुए। उन्होंने 7 गेंदों पर 2 चौकों और 1 छक्के की मदद से 16 रन की पारी खेली। छठे ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव पवेलियन लौटे। उन्होंने 14 गेंदों का सामना किया और 29 रन बनाए।

#### वरुण-अर्शदीप ने किए 3-3 शिकार

5वें ओवर में संजू सैमसन पवेलियन लौटे। उन्होंने 19 गेंदों पर 29 रन ठोके। नीतिश रेड्डी 15 गेंदों पर 16 और हार्दिक पांड्या 16 गेंदों पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे। अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 शिकार किए। उनके अलावा हार्दिक पांड्या, मयंक यादव और वॉशिंगटन सुंदर के खाते में 1-1 विकेट आया।

# सोन नदी में नहाने गए 7 बच्चे गहरे पानी में डूबे, 5 की मौत

रोहतास (सासाराम)। बिहार के सासाराम में तुम्बा गांव के निकट सोन नदी में रविवार को स्नान करने गए सात बच्चे डूब गए, जिसमें तीन बच्चियां भी शामिल हैं। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पांच बच्चों का शव निकाला गया है। दो बच्चों की खोजबीन जारी है। घटना की सूचना मिलते ही आला-अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं।गोताखोरों की मदद से जिन पांच बच्चों का रेस्क्यू किया गया, उनमें से तीन की मौत हो चुकी थी। जबकि, 2 बच्चों की सांसें चल रही थी। दोनों बच्चों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन दोनों को भी मृत घोषित कर दिया।डूबे किशोर में अभय कुमार उम्र 10 वर्ष पिता केदार गौड़, विवेक कुमार उम्र 12 वर्ष पिता हीरालाल गौड़ उर्फ टुन्नू गौड़, राजू कुमार उम्र 12 वर्ष पिता कृष्णा गौड़ सभी तुम्बा निवासी है। जबकि, इनके रिश्तेदार रांची झारखंड निवासी नंद किशोर गौड़ के पुत्र पवन कुमार उम्र सात वर्ष, पुत्री नाव्या कुमारी उम्र 13 वर्ष, निधि कुमारी उम्र 12 वर्ष, गुनगुन कुमारी उम्र 8 वर्ष शामिल हैं।सभी अपने परिजन और कुछ अन्य बच्चों के साथ सोन नदी में स्नान करने गए थे। स्नान के दौरान, एक का पैर फिसल गया, और उसे बचाने में धीरे धीरे सभी नदी के गहरे पानी में चले गए।तीन किशोर किसी प्रकार अपना जान बचाने में सफल रहे, जो बाहर निकल गए।शेष सात पानी में डूब गए।जिसमे से रांची निवासी नंदकिशोर के सभी दो लड़का और दो लड़की और अभय समेत पांच का शव नदी किनारे से बरामद कर लिया गया है। शेष दो की खोज जारी है।

# मेदवेदेव ने शंघाई में अर्नाल्डी को हराया, बारिश के कारण युगल मैच रद्द

शंघाई। दानिल मेदवेदेव ने रविवार को एटीपी शंघाई मास्टर्स 1000 इवेंट में मातयो अर्नाल्डी को 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई।

मेदवेदेव शंघाई में अगले दौर में 10वीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास या एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे, जहां वह मई 2023 में रोम में जीत के बाद अपने पहले टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में हैं।



28 वर्षीय रूसी खिलाड़ी चीन में एटीपी फाइनल्स क्वालीफिकेशन की दिशा में और कदम बढ़ाना चाहते हैं। वह वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में चौथे स्थान पर हैं और लगातार छठे साल प्रतिष्ठित सीज़न के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने की मजबूत स्थिति में हैं। मेदवेदेव ने मैच के शुरुआती गेम में अर्नाल्डी की सर्विस तोड़ी, लेकिन शुरुआती दौर में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। इटालियन खिलाड़ी ने 1-3 से आठ में से छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम किया। हालांकि, मेदवेदेव ने कुछ बेहतर सर्विस और निर्णायक सेट के नौवें गेम में एक निर्णायक, क्लिनिकल रिटर्न गेम की मदद से जीत हासिल करने का तरीका ढूंढ लिया। बारिश के कारण मेदवेदेव और अर्नाल्डी किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना के अंदर छत के नीचे प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, जिससे शंघाई मास्टर्स में लगातार दूसरे दिन बारिश के कारण खेल रुका रहा। एटीपी टूर ने कहा, एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में कम से कम शाम 5 बजे तक बाहरी कोर्ट पर कोई मैच शुरू नहीं होगा। रविवार को होने वाले सभी डबल्स मैच रद्द कर दिए गए हैं। टेलर फ्रिट्ज, स्टेफानोस सितसिपास और होल्गर रून उन सिंगल्स सितारों में शामिल हैं जो बारिश रुकने के बाद बाहरी कोर्ट पर खेलने के लिए तैयार हैं।

# डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश : चीनी पैडलर्स ने पुरुष और महिला युगल ट्रॉफी जीती



बीजिंग (चीन)। चीन के वांग चुकिन और लियांग जिंगकुन ने शनिवार को यहां विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चाइना स्मैश में पुरुष युगल खिताब जीतने के लिए टीम के साथी लिन शिडोंग और लिन गाओयुआन के खिलाफ पांच गेमों में जीत हासिल की। इस बीच, चेन ज़िंगटोंग और कियान तियानयी ने सभी चीनी महिलाओं के युगल फाइनल में चार गेमों में सन यिंगशा और वांग यिदी को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी वांग/लियांग ने 8-11, 4-11, 11-6, 11-8, 11-9 के स्कोर के साथ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष किया।

लियांग ने जीत के बाद कहा, हमने युगल खिताब के लिए लंबे समय तक इंतजार किया और दो गेम से पिछड़ने के बाद भी हार नहीं मानी। मैच के बाद 24 वर्षीय वांग ने कहा, यह डब्ल्यूटीटी इवेंट में लियांग के साथ जोड़ी बनाकर मेरी पहली डबल्स ट्रॉफी है। हमने स्थिति को बदलने के लिए कौशल और रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महिला डबल्स फाइनल में चेन/कियान ने सन/वांग को 12-10, 12-10, 3-11, 11-7 से हराकर अपनी जीत पक्की की। सिंगल सेमीफाइनल बेस्ट-ऑफ-सेवन प्रारूप में खेले गए और चीन ने पहले ही पुरुष और महिला दोनों सिंगल्स खिताब पर कब्ज़ा सुनिश्चित कर लिया है। चीन के सबसे सफल ओलंपियन मा लोंग ने तीसरी वरीयता प्राप्त लियांग को 11-8, 11-7, 11-8, 12-10 के स्कोर से हराया और पुरुष सिंगल्स में 19 वर्षीय लिन शिडोंग के खिलाफ फाइनल में जगह बनाई। 35 वर्षीय मा ने कहा, इस इवेंट से पहले मेरा प्रदर्शन मेरी उम्मीदों से कहीं बढ़कर था। अंतिम आठ में पहुंचने के बाद, मैं बस आराम महसूस कर रहा था और कोर्ट पर खेलने का आनंद लेना चाहता था। शानदार मानसिकता के साथ, मुझे खेलों के दौरान कुछ प्रेरणाएँ मिलीं और मैंने कुछ बेहतरीन रिटर्न किए। महिला एकल फाइनल में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों - सुन यिंगशा और वांग मन्यु के बीच मुकाबला होगा, जिन्होंने अपने-अपने सेमीफाइनल में हमवतन फैन सिकी और चेन ज़िंगटोंग को हराया था। 11 दिवसीय डब्लूटीटी चाइना स्मैश, 2024 का तीसरा और अंतिम डब्लूटीटी ग्रैंड स्मैश इवेंट, रविवार को एकल फाइनल के साथ समाप्त होगा। इस इवेंट में दो मिलियन अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार पूल है।

# हॉकी इंडिया ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर टीम की घोषणा की

बेंगलुरु । हॉकी इंडिया ने रविवार को 18 सदस्यीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा की, जो मलेशिया में सुल्तान ऑफ जोहोर कप के 12वें संस्करण में भाग लेने के लिए तैयार है। नवनियुक्त मुख्य कोच पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा और उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, 25 अक्टूबर को, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में शामिल होने की उम्मीद करेगा। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह दो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेले और भारत को अपना खिताब बरकरार रखने में मदद की।



आमिर ने टूर्नामेंट में चोटिल डिफेंडर संजय की जगह बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि गुरजोत ने सभी मैचों में फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व किया और अपार क्षमता दिखाई। कप्तान आमिर ने कहा, सुल्तान ऑफ़ जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए एक लिटमस टेस्ट के रूप में काम करेगा। सभी खिलाड़ी मलेशिया में कुछ बेहतरीन हॉकी मैच खेलने के लिए उत्साहित हैं।

उप-कप्तान रोहित ने भी उनका साथ देते हुए कहा, हमारे पास टीम की कमान संभालने वाला एक भारतीय हॉकी दिग्गज है, पूरी टीम खेलने के लिए बेताब है। पीआर श्रीजेश भारत के लिए खेलने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं, और हम अपने पहले टूर्नामेंट में उन्हें गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। शिविर में माहौल बहुत अच्छा रहा है और हम सुल्तान ऑफ़ जोहोर कप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके इसका लाभ उठाना चाहते हैं।

## प्रथम पेज का शेष

***नक्सलवाद पर एक्शन....***

भाजपा कार्यकर्ता आधारित और विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है। लोगों में पार्टी का सदस्य बनने के लिए उत्साह है और जल्द ही हम 60 लाख का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। पार्टी ने सदस्यता के लिए पूरा कार्यक्रम निर्धारित किया है और रसीद से भी सदस्य बनाये जा रहे है।

***'यह लोकतंत्र के अनुरूप नहीं'...***

जैसे विधेयक विधायिकाओं के लिए और फैसले अदालतों के लिए। न्यायपालिका या विधायिका द्वारा कार्यकारी अधिकारों का प्रयोग लोकतंत्र और संवैधानिक प्रविधानों के अनुरूप नहीं है। धनखड़ ने कहा कि न्यायपालिका द्वारा कार्यकारी शासन विधि शास्त्र और न्यायिक दृष्टि से संविधान से परे है।

***राहुल की महिलाओं से 'शक्ति अभियान' ..***

उन्होंने कहा, 'आधी आबादी, पूरा हक' की सोच के साथ हम इस लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। यदि आप भी यह बदलाव लाने के लिए तैयार हैं, तो 'शक्ति अभियान' से जुड़ें। आपकी भागीदारी ज़मीनी स्तर पर संगठन को मज़बूत बना कर असली बदलाव लाने के लिए बेहद अहम है। उन्होंने महिलाओं से अपील की और कहा, आइए, गांव से लेकर राष्ट्र तक हम इस परिवर्तन के प्रतिभागी बनें और आज ही 'शक्तिअभियान डॉटइन' पर रजिस्टर करें।

***फर्जी एसबीआई बैंक खोलने वाला ...***

तथा फर्नीचर सामाग्री को जब्त किया गया है। मामले में पीड़ित पक्षों से आरोपीगणों द्वारा दिया गया ज्वाईनिंग लेटर को जब्त किया गया। आरोपी अभ्यस्त एवं शातिर प्रवृत्ति का है। जिसके विरुद्ध रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख 50 हजार रुपए की ठगी करने का थाना तोरवा जिला बिलासपुर में भी धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध है। इसके अलावा आरोपी द्वारा अलग-अलग जगहों में अनेक व्यक्ति से अलग-अलग विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी किया गया है। एसपी अंकिता शर्मा ने मामला गंभीर प्रकृति का होने से आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। जिसके परिपालन में पीड़ित गवाहों पिंटू मरावी, परमेश्वर राठौर, ज्योति यादव, संगीता कंवर के द्वारा आरोपियों को ट्रांसफर की गई रकम एवं उनके कथनों के आधार पर थाना की टीम, साइबर टीम की मदद से आरोपी अनिल भास्कर की गिरफ्तारी के लिए उसके निवास स्थान ग्राम दुम्हनी थाना बिलाईगढ़ गई। जहां आरोपी अपने घर में मिला।

पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। लोगों से ठगी की रकम में से कुल रकम 6 लाख 60 हजार रुपए अलग-अलग यूपीआई आईडी से ली थी। इस रकम से अपने नाम पर सेकंड हैंड कार खरीदना तथा बची हुए रकम में कुछ रकम को मामले में सहयोगी अन्य साथी को दे देना बताया। वहीं ठगी की रकम से नया मोबाइल भी खरीदना बताया। आरोपी से पुलिस ने सभी सामान को जब्त कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 5 लाख जब्त, खाता सीज- बचत खाते में आरोपी के बैंक खाता में बचत रकम 83 हजार रुपए को सीज कराया गया है। आरोपी से 4 लाख की कार 3 नग मोबाईल फो तथा खाता में बचत रकम कुल 5 लाख 3 हजार रुपए को जब्त किया गया है। पूछताछ पर उनके अन्य 7 सहयोगियों के नाम का भी खुलाशा हुआ है। जिसे पकड़ने अलग-अलग टीम बनाकर पतासाजी के लिए रवाना किया गया है। आरोपी के विरुद्ध र्प्यास सबूत पाए जाने से आरोपी को शनिवार को धारा 318-4, 338, 336, 340, 3-4 के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

***उद्धव ठाकरे की दो टूक, बोल..***

ठाकरे ने कहा कि हमारा हिंदुत्व लोगों की रसोई गैस जलाने में मदद करता है, जबकि बीजेपी का हिंदुत्व घर जलाने में मददगार है। राज्य की वर्तमान महायुति सरकार पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद राज्य के संसाधनों की लूट का हिसाब लेगी। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में शिवसेना, बीजेपी और अजित पवार की एनसीपी शामिल है।

# उज्जैन महाकाल मंदिर में मिलने वाला प्रसाद पूरी तरह शुद्ध, 13 टेस्ट में हुआ पास

उज्जैन। उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में मिलने वाला लड्डू के प्रसाद की जांच की गई और जांच में पाया गया ये लड्डू पूरी तरह शुद्ध है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का लड्डू प्रसाद खाद्य सुरक्षा नियमों के 13 मापदंडों पर खरा उतरा है, जिससे भक्तों में खुशी की लहर है। उज्जैन संभागीय आयुक्त संजय गुप्ता के अनुसार, लड्डू प्रसाद को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की कुछ मान्यता प्राप्त लैब द्वारा किए गए 13 विभिन्न प्रकार के टेस्ट से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रसाद में चार मुख्य सामग्रियां थीं, जो है- शुद्ध घी, बेसन, रवा और चीनी जिनमें से सबसे महंगी सामग्री शुद्ध घी है।

संजय गुप्ता ने कहा कि यहां प्रतिदिन प्रसाद बनाने के लिए 40 मीट्रिक टन घी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसका निर्माण राज्य सरकार की सहकारी संस्था उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा किया जाता है। संजय गुप्ता ने आगे कहा, %एक भक्त ने (महाकालेश्वर मंदिर) के लड्डू प्रसाद का भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा अनुमोदित लैब में टेस्ट कराया। उन्होंने 13 अलग-अलग टेस्ट किए। यह बहुत खुशी की बात है कि प्रसाद सभी 13 मानदंडों (घी, बेसन, चीनी और रवा) पर खरा उतरा। प्रसाद 4 मुख्य सामग्रियों का इस्तेमाल करके तैयार किया जाता है... इसमें शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जाता है... यह घी राज्य सरकार की सहकारी संस्था उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा बनाया जाता है। गुप्ता ने आगे यह भी अनुरोध किया कि तिरूपति देवस्थान उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा निर्मित सांची घी का उपयोग करे। उन्होंने आगे कहा कि इसका पूरा श्रेय उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर की प्रबंधन समिति को जाता है, जो प्रसाद की गुणवत्ता बनाए रखती है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 7 अक्टूबर 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 82 | 90 | 02 | 10 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 98 | 04 | 18 | 24 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 14 | 26 | 30 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12 | 28 | 36 | 42 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 34 | 46 | 58 |
| शनि | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 48 | 56 | 62 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 41 | 59 | 63 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 43 | 57 | 65 | 79 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 53 | 67 | 75 | 81 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 69 | 73 | 85 | 97 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 87 | 95 | 01 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 9 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 38 | 40 | 54 | 84 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 2 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 3 |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 45 | 89 | 93 | 03 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 69 | 76 | 12 | 45 | 30 | 14 |
| 08 | 85 | 87 | 40 | 13 | 14 |
| 54 | 82 | 34 | 70 | 57 | 03 |
| 85 | 64 | 47 | 87 | 85 | 97 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 83 | 84 | 07 | 48 | 04 |
| 80 | 41 | 46 | 67 | 08 |
| 79 | 57 | 90 | 00 | 49 |
| 42 | 13 | 56 | 08 | 47 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09

2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-61-68 -71-74-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62

2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-73-70-88-89-92-94

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# एसपी ने लंबित अपराधों एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण के दिये निर्देश



थाना प्रभारियों को आम जनता को जागरूक करने दिये निर्देश

खैरागढ़ (दावा)। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला केसीजी में शुक्रवार 04 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) जिला केसीजी के द्वारा वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नेहा पाण्डेय अति. पुलिस अधीक्षक व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़, गंडई लालचंद मोहले एवं थाना प्रभारियों की संयुक्त मीटिंग लिया गया मीटिंग दौरान अपराध नियंत्रण के संबंध में समस्त थाना प्रभारियों को नवीन कानून को ध्यान में रखते हुये थानों में लंबित अपराधों एवं शिकायतों को शीघ्र हल करने कहा गया साथ ही रोड ऐक्सिडेंट मामले में आईरेड पोर्टल एवं वीडियोग्राफी करने हेतु विशेष हिदायत दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने साइबर संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्रामों एवं कस्बो में समर्थ अभियान के तहत अधिक से अधिक साइबर जागरूकता, नवीन कानून के बारे में लोगो को जागरूक करे इसके अतिरिक्त साइबर संबंधी अपराधो के बारे में लगातार ठगे जा रहे आम जनता के समस्याओं का निराकरण करें। थानों में पंजीबद्व अपराधों, शिकायतों, मर्ग को अधिक से अधिक निकाल करें।

लंबित चालानो को न्यायालय में अविलम्ब पेश करें। लंबित बिसरा की नष्टीकरण हेतु शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। समर्थ अभियान के तहत आम जनता को यातायात नियमों एवं साइबर संबंधी जानकारी प्रदान करें। अपराध नियत्रंण हेतु पूर्व में गिरफ्तार व्यक्तियों के फिन्गर प्रिन्ट एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक करने हेतु सक्त हिदायत दिया गया एवं अवैध तरीके के कर रहे शराब माफियाओं एवं गांजा तस्करों के विरूद्व लगातार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया, जिससे की आम जनता परेशान न हो। वहीं सड़क दुर्घटना में नियंत्रण हेतु चौक-चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग कर अनियंत्रित गाड़ियों पर नियंत्रण करने एवं यातायात नियमों का पालन किया जा सकें।

इसके बारे में विशेष समझाईस दी गई, उपरोक्त मीटिंग में रक्षित निरीक्षक के.देव राजू, निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे (थाना प्रभारी खैरागढ़), राजेश देवदास (थाना प्रभारी बकरकट्टा) निरीक्षक अनिल शर्मा (साइबर सेल प्रभारी), निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले (थाना छुईखदान), निरीक्षक भीमसेन यादव (थाना प्रभारी गण्डई), धर्मेंद्र वैष्णव (थाना प्रभारी साल्हेवारा), आलोक साहू (थाना प्रभारी मोहगाव), उनि. मोरध्वज देशमुख, (थाना प्रभारी गातापार), उनि. कैलास साहू (थाना प्रभारी ठेलकाडीह), सविता वर्मा सहायक उप निरीक्षक (पुलिस नियंत्रण कक्ष केसीजी), एम.एल.भांडेकर ओपी जालबांधा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के उप. निरीक्षक रामचन्द्र साव, सउनि सुरेश पटेल, प्रधान आरक्षक आशीष वर्मा व अन्य शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# वैष्णव समाज ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जे.के.वैष्णव को दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। वैष्णव समाज ने 04 अक्टूबर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव के जन्मदिवस पर मंदिर परिसर में पौधारोपण कर उत्तम स्वास्थ्य, सफल दीर्घायु जीवन हेतु बधाई शुभकामनाएं दी। वैष्णव समाज को संगठित कर एकजुट जोड़े रखने में लाल जे.के.वैष्णव की अहम भूमिका हेतु अखिल भारतीय वैष्णव राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक सूरत गुजरात में भी उन्हें सम्मानित किया गया है। जन्मदिन पर बधाई देने राजा देवराज किशोर दास, आदित्य देव वैष्णव प्राचार्य विवेकानंद संस्कार स्कूल, लल्ला मनोज वैष्णव, दिलीप वैष्णव अधिवक्ता, मुकेश वैष्णव लक्ष्मी मेडिकल, राजकुमार सदाबहार,डॉ. भद्र, सहित शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं स्टाफ के सदस्यों ने बधाई शुभकामनाएं दी है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों का हो रहा सम्मान - विक्रांत

खैरागढ़ ( दावा)। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसानों के हितार्थ योजनाओं के क्रियान्वयन में मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर किसानों का साथ दिया है।



खाद की सब्सिडी हो या किसान सम्मान निधि सभी में मोदी सरकार लगातार अनवरत रूप से किसानों के हित में कार्य कर रही है, वर्तमान में मोदी सरकार ने 18वीं किस्त किसान सम्मांन निधि में देश के लिए 9.4 करोड़ से अधिक कृषकों को 20000 करोड रुपए से अधिक की धनराशि सम्मान निधि के रूप में महाराष्ट्र से जारी की, जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है और सभी किसान भाजपा सरकार से बहुत ही खुशहाल हैं। विक्रांत सिंह ने कहा कि विपक्षी लोग यह कहा करते थे,कि मोदी की किसानों के हित में सम्मान निधि की राशि चुनाव के बाद बंद हो जाएगी, यह चुनावी शिगूफा है।। परंतु प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार सम्मान निधि को जारी करते हुए,यह सिद्ध कर दिया कि पूरे विश्व में इतनी बड़ी संख्या में किसानों को अंश राशि देने का प्रतिमान मोदी जी ने बनाया है।

साथ ही विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को कांग्रेस सिर्फ बरगलाने का काम करती है व चुनाव के समय चुनावी लाभ लेने के लिए बात करती है,लेकिन छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के किसानों के हित में ही हमेशा फैसले लिए गए हैं जिससे किसानों के चेहरे में खुशी खिल गए हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : चिल्हाटी में आवास मेला और कार्यशाला संपन्न





अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिले के विकासखंड चौकी अंतर्गत कलस्टर स्तर पर ग्राम चिल्हाटी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वृहत आवास मेला सह अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीता घासी साहू, जनपद पंचायत अं.चौकी अध्यक्ष श्रीमति कुमारी बाई जुरेशिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नरोत्तम देहरी, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ अं.चौकी श्रीमति प्रियंवदा रामटेके, जनप्रतिनिधिगण, सरपंच, सचिव, सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, राजमिस्त्री, वेंडर एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

आवास मेला में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की डिजाइन, आवास में लगने वाली सामग्री तथा उसकी संभावित लागत राशि की जानकारी दी गई तथा समय सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु समझाइस दी गई। उन्हें अवगत कराया गया कि जितनी जल्दी आपके द्वारा आवास का निर्माण किया जाएगा, उतनी ही कम लागत में आपका आवास बन जाएगा। वर्तमान में नवरात्र पर्व चल रहा है, अतः इसी शुभ पर्व पर संपूर्ण स्वीकृत आवास को तत्काल प्रारंभ कराएं एवं पूर्व के अपूर्ण आवास को शीघ्र पूर्ण कराएं, उपस्थित राजमिस्त्री तथा वेंडरों को भी प्राथमिकता अनुसार हितग्राहियों को मदद करने की अपील की गई। अभिमुखीकरण कार्य शाला में पूर्ण हो चुके आवासों में हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंप कर प्रतीकात्मक रूप से गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही हितग्राहियों को विभागीय अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके और उनके परिवार को शासन की विभिन्न योजनाओं से पात्रतानुसार प्राथमिकता में निम्नलिखित लाभ भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। जैसे, आधार पंजीयन, राशन कार्ड, शौचालय, मनरेगा अंतर्गत रोजगार, उज्ज्वला योजना, आवास में विद्युतीकरण, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, हर घर जल, आजीविका गतिविधि से जोड़ना आदि। हितग्राहियों को किश्त राशि जारी किए जाने के स्तर की भी जानकारी दी गई, कुल स्वीकृत राशि 1 लाख 20 हजार रु में से प्रथम किश्त आवास स्वीकृति पर 40 हजार रु. दूसरी किश्त प्लिंथ होने पर 60 हजार रु, तथा पूर्ण होने पर 20 हजार रु दिए जाने का प्रावधान रखा गया है। जिले में वर्ष 2024-25 में कुल 10636 आवास स्वीकृत तथा 8794 आवासों में प्रथम किश्त जारी हो चुकी है। इन आवासों को 12 माह के भीतर पूर्ण कराने हेतु हितग्राहियों से अपील की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीता घासी साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आवास मेला केवल एक आयोजन नही, बल्कि यह उन लाखों लोगों के सपानों की नींव है, जो वर्षो से अपने घर की चाहत लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस मेले के माध्यम से लोगों को आवास संबंध योजनाओं और अवसरों से अवगत करा रही हैं, जिससे हर व्यक्ति अपने घर के सपन को वास्तविकता में बदल सके। उन्होंने सभी आवास स्विकृत हितग्राहीयों बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# ग्रामीणों को राहत पहुंचाने गोलछा परिवार का एम्बुलेंस सेवा का लोकार्पण




छुईखदान (दावा)। नगर से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम दनिया के गोलछा परिवार के द्वारा 4 अक्टूबर, दिन-शुक्रवार को एम्बुलेंस सेवा लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया। ग्रामीण क्षेत्र में आपातकाल स्वास्थ्य सेवार्थ एम्बुलेंस सेवा आरंभ किया है। एम्बुलेंस की सेवा एवं ऑक्सीजन सुविधा निःशुल्क है। मरीज के परिजनों को केवल ईंधन का शुल्क देना पड़ेगा। एम्बुलेंस सेवा के उद्घाटन के उद्बोधन में सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि गोलछा परिवार ने अपने पूर्वजों का अनुशरण करते हुए यह सेवा कार्य शुरू किए हैं।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दनिया गोलछा परिवार के इस एम्बुलेंस सेवार्थ संचालन को समाज के लिए एक अनुकरणीय पुनीत कार्य बताते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा के लिए वरदान बताया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर गोलछा ने किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं सेठ घेवरचंद मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर के प्रतिष्ठित डॉ. रवि जैन एवं उनकी अनुभवी मेडिकल टीम तथा महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट रायपुर व अरबिंदो नेत्रालय रायपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया गया। साथ ही गंडई वन विभाग की टीम द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ग्रामीणों को विभिन्न छायादार, फलदार एवं औषधि युक्त पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष घुम्मन साहू, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, टीके चंदेल, गिरिराज किशोर दास वैष्णव, विनोद ताम्रकार, बिसेसर दास साहू, जिला अध्यक्ष लोधी समाज उत्तम जंघेल, दशमत जंघेल, राकेश ताम्रकार, रमेश साहू, निजाम मंडावी, नवनीत जैन, प्रासर ठाकरे, ललित सोनी, संजू चंदेल, महावीर जैन, जीवन दास रात्रे, गुलशन तिवारी जिला अध्यक्ष युवा कॉग्रेस, दीपक जैन, प्रमोद सिंह, गोविंद जंघेल, ज्ञान यादव, मन्नू चंदेल, श्यामपाल ताम्रकार, राजेश मेहता, राकेश ठाकुर, अशोक पाल, दीना जंघेल, भीखु हिरवानी, लीला साहू, हीरा जंघेल, रमेश बैस, रमेश जंघेल, सुरेंद्र जंघेल, ज्योति जंघेल, कमलेश जंघेल सहित 2500 से अधिक क्षेत्रवासी गोलछा परिवार के इस कार्यक्रम में शामिल हुए। दनिया के बाद सांसद का काफिला क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का भूमिपूजन के लिए निकले। ग्राम ठंढार में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण, बरबसपुर, भुरभुसी एवं इरीमकसा में भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में परिवारजन, ग्रामीणजन एवं गंडई-छुईखदान व खैरागढ़ के नेता शामिल हुए।

# वलेचा परिवार ने नेत्रदान कर दो लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान की





**दुर्ग (दावा)। विश्वबैंक कॉलोनी कुरुद निवासी पुरुषोत्तम वलेचा के निधन के पश्चात वलेचा परिवार ने नेत्रदान कर दो लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करने हेतु सहमति दी। पुरुषोत्तम वलेचा के निधन के पश्चात कमल वलेचा, ज्योति वलेचा, विनय वलेचा, परिधि वलेचा, गोपी वलेचा ने नेत्रदान का निर्णय लिया और नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राज आढ़तिया, रितेश जैन, हरमन दुलई, सत्येंद्र राजपूत, मोहित अग्रवाल के सहयोग से नेत्रदान सम्पन्न हुआ।**

श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी के डॉ विशाल उके, डॉ. अंकिता चंद्रवंशी, डॉ. दिवांशु रावते एवं नेत्र सहायक विवेक कुमार ने नेत्रदान को संपूर्ण किया। पुरुषोत्तम वलेचा के भाई कमल वलेचा ने कहा आज भाई के असमय जाने के बाद पूरे परिवार में शोक है एवं सब सदमे में हैं ऐसे में भाई के नेत्रदान से परिवार को हौंसला मिलेगा व इस दुःख को सहने की शक्ति मिलेगी। पुरुषोत्तम जी जाते-जाते दो परिवारों को नई ज्योति दे गए। मोहित अग्रवाल ने कहा पुरुषोत्तम वलेचा के अचानक निधन के बाद भी परिवार द्वारा नेत्रदान के निर्णय लेना मानवता के लिए सन्देश है निश्चित ही वलेचा परिवार के निर्णय से समाज में नेत्रदान हेतु चेतना आएगी। नवदृष्टि फाउंडेशन के सत्येंद्र राजपूत ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान, त्वचादान हेतु सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं एवं यदि कोई देहदान या त्वचादान हेतु सहयोग या मार्गदर्शन चाहता है तो हमारी संस्था के सदस्यों से सहयोग ले सकता है या 9826156000/ 9827190500 इन नंबर पर फोन कर मार्गदर्शन ले सकता है।

# जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर विभिन्न प्रतियोगिता



**भूपेन्द्र कंवर, पुनीता सलामे तथा कु पूजा देवांगन का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आर के ठाकुर के निर्देश में संयोजक प्रो. मनोहर बोकड़े एवं सहसंयोजक अरुण कुमार साहू द्वारा जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय छात्र-छात्राओं द्वारा जनजाति संस्कृति जैसे वेशभूषा, वाद्ययंत्र, नृत्य आदि तथा जनजाति समाज के वीर पुरुष की वीरता को चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूपेन्द्र कवर, द्वितीय स्थान पुनीता सलामे तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु पूजा देवांगन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रो बी.आर. चंद्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड एवं कविता यदु निर्णायक थे।

# ग्राम रींवागहन में सीएमएचओ डॉ. नवरत्न ने गृह भेंट कर उल्टी-दस्त के प्रकरणों की ली जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रीवागहन में उल्टी-दस्त के मरीज मिलने पर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर सर्वे कर उल्टी-दस्त के मरीजों की जानकारी ली गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदकिशोर टंडन ने ग्राम रीवागहन में घर-घर सर्वे कर उल्टी दस्त के प्रकरणों की जानकारी ली। डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि ग्राम रीवागहन में अब तक कुल 20 उल्टी-दस्त के मरीज मिले हैं, जिनमें से सभी मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी, देखभाल एवं उपचार मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में किया जा रहा है। सभी मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सा सहायक आनंद बंसोड़, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा पूरे गांव का भ्रमण एवं सर्वे कर सभी लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा दवाइयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों को पानी को उबाल कर पीने तथा ताजा व गर्म भोजन करने की सलाह दी गई। उन्होंने गांव में निगरानी एवं सूचना तंत्र को प्रभावी करने के लिए सभी मैदानी कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उल्टी-दस्त के मरीज मिलने पर मितानिनों की टीम को त्वरित सूचना देने कहा गया है। गांव में स्वास्थ्य अमले द्वारा शिविर भी लगाया गया है। जिससे कोई भी नया मरीज मिलने पर तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी रैपिड टीम को क्रियाशील किया गया है।

# कबीर भजन के साथ दाऊ मंदराजी को दी गई श्रद्धापूरित पुष्पांजलि

राजनांदगांव (दावा)। दाऊ दुलार सिंग मंदराजी की चालीसवीं पूण्य तिथि पर लोक कलाकारों ने उन्हें कृतज्ञता पूर्वक याद करते हुए कबीर भजन के माध्यम से सांगीतिक पुण्यांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रायपुर से पधारे सुप्रसिद्ध कबीर भजन गायन पद्मश्री भारती बंधु ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया और जरा, हौले- हौले गाड़ी हांको, मेरे 'राम' गाड़ी वाले, गाकर दाऊ मंदराजी को श्रद्धापूरित पुण्यांजलि दी।

कन्हारपुरी में आयोजित इस पुण्यांजलि कार्यक्रम के पूर्व जिले के पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पद्मश्री भारती बंधु, लोककला धर्मी एवं साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' लोक गायक-महादेव हिरवानी, विष्णु कश्यप, नाचा कलाकार चतुर सिंह बजरंग, नत्थन-छन्नू, प्रेम साव, कवि/साहित्यकार ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' मानसिंह 'मौलिक' पवन यादव 'पहुना' रौशन साहू मोखला, किशोर साहू, नीलम, डोहरू साहू आदि के साथ दाऊ मंदराजी के आवक्ष प्रतिमा पर ज्योति प्रज्वलन व माल्यार्पण कर उन्हें पुण्य स्मरण किया और श्रद्धांजलि दी।

## कला/साहित्यधर्मियों को याद

कन्हारपुरी के तिनसिया चौक पर आयोजित दाऊ जी के चालीसवीं पुण्यांजलि कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व महापौर अजीत जैन, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, पूर्व पार्षद बलवंत साव, राजेश यादव आदि द्वारा दिवंगत कलाकारों व साहित्यकारों के तैल चित्र पर तिलकाभिषेक व माल्यार्पण कर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। वहीं समाजसेवी महिला श्रीमती शारदा तिवारी (अधिवक्ता) ने कबीर भजन गायन पद्मश्री भारती बंधु को श्री कोशा व महादेव हिरवानी ओमप्रकाश साहू आदि के साथ शाल व श्रीफल प्रदान कर स्वागत किया। दाऊ मंदराजी धरोहर मंच, छत्तीसगढ़ साहित्य समिति व नवीन मित्र मंडल द्वारा सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में नाचा कला के पूरोधा दाऊ मंदराजी को याद करते हुए लोक गायक महादेव हिरवानी ने श्री कोशा द्वारा रचित व संगीतबद्ध गीत-बबा मंदराजी, लोककला नाचा के सियान गा,




गाकर पुण्यांजलि दी। इस दौरान हारमोनियम पर संगत श्री कोशा व तबले पर दिनेश साहू व मंजीरे पर संगत दाऊ चतुरसिंग ने किया।

## मंदराजी दाऊ का सर्वस्व त्याग

दाऊ मंदराजी पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेते हुए अंचल के कवि/ साहित्यकार ओमप्रकाश साहू अंकुर ने दाऊ मंदराजी के जीवनवृत्त पर विस्तृत प्रकाश 'डालते हुऐ उसे लोक' रंग शैली नाचा का पुरोधा- पुरुष बताया व कहा कि इस लोकरंग धर्म के लिए उनके सर्वस्व त्याग ने दाऊ जी के नाम को सदा-सदा के लिए अमर कर दिया। इसी तरह कथाकार मानसिंह मौलिक ने दाऊ जी को नाचा कला का मसीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने हर कलाकार को अपने यहां न केवल प्रश्रय दिया कला की बारिकी से परिचय कराते हुए उन्हें कला धर्म की ओर प्रवृत्त किया और नाचा पार्टी रिगनी-रवेली साज को एक नई उंचाई दी। उनका नाचा के लिए सर्वस्व त्याग को उन्होंने श्लाघनीय बताया है। कवि रोशन साहू ने सुरमई कविता के माध्यम से दाऊ जी को याद किया वहीं पवन यादव पहुना व श्री सिन्हा ने दाऊ जी के प्रति आप्त वचन कहे सुरगी के डोहरु राम ने दाऊ जी को भजन गाकर पुण्यांजलि दी।

2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन आयोजित इस पुण्यांजलि कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोक कलाकारों व साहित्य धर्मियों ने महात्मा गांधी सहित नाचा के पूरोधा दाऊ मंदराजी, संगीतकार खुमान साव, देवी लाल नाग, आचार्य सरोज द्विवेदी, कुंज बिहारी चौबे के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुण्य स्मरण किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कबीर भजन का आनंद लेने रोहित हिरवानी, श्याम बाई, अनिल हिरवानी रमेश साहू, प्रकाश बजरंग, डॉ. नरेन्द्र निर्मलकर, सुखदेव, प्रेमलाल, मनहरन आदि सहित बड़ी संख्या में कला/संगीत प्रेमियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में समाज सेवी शारदा तिवारी ने सभी कलाकारों व साहित्य धर्मियों को मंत्र दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। सुरमई सांगीतिक पुण्यांजलि कार्यक्रम का संचालन मानसिंह 'मौलिक' पवन यादव 'पहुना' व रोशन साहू मोखला ने किया। उपस्थितों का आभार प्रदर्शन साहित्य समिति के सचिव मानसिंह ठाकुर मौलिक ने किया।

# संस्कार स्वच्छता एवं सम्पूर्णता अभियान का समापन जनपद पंचायत अं.चौकी

मोहला (दावा)। गांधी जी के 155वीं जयंती एवं स्वच्छता अभियान के 10 साल पूर्ण होने पर 02 अक्टूबर को अम्बागढ़ चौकी के दंतेश्वरी मंदिर के पास टाऊन हॉल में स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता एवं सम्पूर्णता अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक किये गए विभिन्न गतिविधियों ब्लैक स्पॉट, सुरक्षा शिविर स्वास्थ्य शिविर, डिजनेटी कार्ड, कबाड़ से जुगाड़, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी आदि गतिविधि के बारे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं.चौकी श्रीमति प्रियंवदा रामटेके सीएमओ नगर पंचायत अं. चौकी गिरीश कुमार चन्द्रा जानकारी दिए।


मां शीतला दुर्गा उत्सव समिति, माता देवालय सोनार पारा


श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव, शक्ति धाम दुर्गा चौक


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति रविदास नगर वार्ड नंबर 20


हरदी- नव दुर्गा उत्सव समिति शिव शक्ति चौक ग्राम कन्याडबरी


जय शारदा दुर्गा उत्सव समिति चेन्दरीबन नवागाँव


मां शारदा उत्सव समिति गोल बजार

# अत्यधिक भीड़ में फंसी महिला की दम घुटने से मौत, अनेक गंभीर रूप से घायल

## घटना घटित होते ही प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर व्यवस्था बनाने के प्रयास में लगे रहे

**भीड़ में शामिल बुजुर्ग व बच्चों को दर्शन में प्राथमिकता दे दर्शनार्थी - जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल**


मृतक महिला धमतरी जिले के ग्राम बागतराई गांव की निवासी

**0 संभावनाओं से अधिक भीड़ ने परेशान किया प्रशासन को**
**0 भीड़ में शामिल उपद्रवी युवा बंदरों की तरह बीम की दीवार के सहारे छलांग लगाते नजर आए**



**मां बमलेश्वरी के दर्शनार्थ आने वाले भक्त जनों की रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति देखने को मिल रही**

### नवरात्र के प्रारंभ होते ही भक्तों की भीड़ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़े

पितृपक्ष के बाद नवरात्र पर्व के प्रारंभ होते ही मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन करने आने वाले भक्तों की भीड़ ने पिछले सभी वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़े। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भक्तो की भीड़ का जो आंकड़ा 9 दिन का होता था। वह चार दिन में ही उससे अधिक का हो गया है।

डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्र के महापर्व के चौथे दिन सुबह 3ः00 बजे के आसपास मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंची 36 वर्षीय महिला की भीड़ में दम घुटने से मौत होने की जानकारी प्रकाश में आई है। इस दौरान मची भगदड़ में अनेक लोग घायल भी हुए हैं।किंतु घायल हुए व्यक्तियों के संबंध में प्रशासनिक रूप से जानकारी नहीं दी गई । मृतक महिला 36 वर्षीय सोनम साहू धमतरी जिले के ग्राम बागतराई गांव की निवासी थी। उनके पति ऑटो चालक बताए जा रहे हैं। वे परिवार के साथ सुबह 3:00 बजे के आसपास मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन करने ऊपर मंदिर जाने के लिए भारी भीड़ भरी लाइन में खड़ी थी। बताया जा रहा है कि भीड़ इतनी अधिक थी कि उमस के कारण लोगों में घबराहट होने लगी। भीड़ में उपस्थित युवा बंदरों की माफिक बीम वाली दीवार के सहारे उत्पाद मचाते भी देखे गए।

घटना की जानकारी होते ही जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रशासनिक आला अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एवं मृतक के संबंध में अधिकृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि लाइन में खड़े माता के दर्शनार्थी बुजुर्ग एवं बच्चों को माता के दर्शन हेतु प्राथमिकता दे। मां बमलेश्वरी देवी का दर्शन सभी को प्राप्त होगा। धीरज रखे। संभावनाओं से अधिक भीड़ एवं उमस के कारण घटना घटित होने की जानकारी जिला कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक की गई। घटना के संबंध में बताया की घटना शनिवार रात 3:00 बजे की है।

मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल की ओर से सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से आग्रह किया गया है कि उपवास, पैदल चलने एवं भीड़ के कारण घबराहट और बैचेनी हो सकती है। श्रद्धालु दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें।

### जिला कलेक्टर द्वारा सभी श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों से की गई अपील



मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन करने आने वाले भक्तजनों से भारी भीड़ को देखते हुए जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा श्रद्धालुओं एवं पद यात्रियों से अपील की गई है कि,व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करे। बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांग जनों को दर्शन के लिए पहले जाने का अवसर देंवे। बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांग जनों का ध्यान रखते हुए, सभी अपनी बारी आने पर ही दर्शन कर व्यवस्था बनाने प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

### सफोकेशन के कारण महिला बेहोश होकर गिरी थी- बीएमओ डॉक्टर बीपी एक्का

बीएमओ डॉक्टर बीपी एक्का ने बताया कि घटना रात करीब 3ः00 बजे की है एक महिला सफोकेशन के कारण बेहोश होकर गिर गई थी। जिसे इलाज के लिए यहां लाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

# मां बम्लेश्वरी के भक्त सांसद बृजमोहन अग्रवाल पहुंचे माता के दरबार, विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सर्व धर्म की नगरी डोंगरगढ़ धाम में विराजमान मां बमलेश्वरी देवी के परम भक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल सपरिवार माता के दर्शन कर देश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।नियमित रूप से मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन हेतु आने वाले सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा न तो किसी से डरती है न ही किसी को डराती है।

**भाजपा न किसी से डरती है न ही किसी को डराती है - बृजमोहन**

उक्त बातो का उल्लेख सांसद श्री अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कवर्धा प्रकरण में मृतक के पुनः पोस्टमार्टम करने को लेकर दिए गए बयान पर कहा, जिसमें बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा था कि मृतक का दोबारा पोस्टमार्टम कराने में भाजपा डर रही है। न्याय यात्रा पर निकली कांग्रेस को मिली सफलता के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस को अभी 4 वर्ष इंतजार करना है। गृह मंत्री द्वारा प्रशासनिक अराजकता के सवाल पर श्री अग्रवाल ने कहा कि विपक्ष का काम विरोध करना है जो वह कर रही है। सत्ता पक्ष जन हीत में अपना कार्य कर रही है। जो उसका दायित्व है। इस दौरान मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शक्ति केंद्र से मिलती है भाजपा को शक्ति: सांसद संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे भाजपा के द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के विभिन्न शक्ति केदो में अपनी व्यापक उपस्थित दर्ज कर रहे हैं।



इसी तारतम्य में आज राजनांदगांव विधानसभा के सुरगी शक्ति केंद्र में पहुंचे जहां सदस्यों के बीच बैठकर वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की विष्णु देव साय सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं एवं केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं पर सारगर्भित जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को कहा कि प्रत्येक बूथ में 100 सक्रिय सदस्य जल्द से जल्द बनाएं । उन्होने कहा कि आने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को देखते हुए गांव-गांव सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रचारित करने की जरुरत है।

शक्ति केंद्र के बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, महामंत्री कृष्णा तिवारी, महामंत्री मनोज साहू, आलोक श्रोती,सांसद प्रभारी विवेक साहू ,सरपंच आनंद साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता त्रिलोक चंद जैन, शक्ति केंद्र प्रभारी गुरु चरण सिन्हा, बूथ अध्यक्ष नरोत्तम साहू, बूथ अध्यक्ष मेवाराम साहू, सहसंयोजक तेज प्रकाश, पवन साहू, नरेश साहू, रैन सिंह साहू, अर्जुन साहू, अभिषेक चंद्राकर, संयोजक राजेश्वर कुटारे, देवेन्द्र जैन, समारु दीपक, बोधा गहने, हेमंत साहू, शंकर साहू, सरपंच खेमदास साहू आदि उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम का करीबी ठग केके श्रीवास्तव भगोड़ा घोषित, सिर पर है 10 हजार का इनाम, खातों से हुआ 300 करोड़ का लेन-देन

रायपुर। कांग्रेस सरकार में पावरफुल रहे बिलासपुर के केके श्रीवास्तव 15 करोड़ की ठगी कर फरार है। पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया है। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपित केके श्रीवास्तव ने पांच बैंक खातों का उपयोग किया है। उसमें 300 करोड़ का लेन-देन हुआ है। यह खाते ईडब्ल्यूएस मकानों के रहने वालों नाम पर है। पुलिस ने इसकी जांच आयकर विभाग को सौंप दी है। बताया जा रहा है कि ईडी भी जल्द ही इस मामले की जांच शुरू कर सकती है।

तेलीबांधा थाना पुलिस आरोपित की तलाश में लगी है। उसके कई ठिकानों में पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वे परिवार सहित फरार है। श्रीवास्तव पूर्व सीएम के लिए विशेष पूजा-पाठ करते थे। इस कारण पूर्व सीएम का अक्सर उनके बिलासपुर निवास जाना होता था। इसके अलावा श्रीवास्तव सरकार से जुड़े महत्वपूर्ण लोगों के संपर्क में था।

### क्या है मामला

केके पिछली सरकार में काफी प्रभावशाली रहे हैं। इसका लाभ उठाते हुए स्मार्ट सिटी में ठेका दिलाने के नाम पर दिल्ली के कारोबारी रावत एसोसिएट के मालिक अशोक रावत से 15 करोड़ रुपये ठग लिए। इस दौरान केके ने ठेका नहीं मिलने पर 17 सितंबर 2023 तक पैसे लौटा देने का वादा किया, लेकिन काम नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत करने की चेतावनी दी तो उन्होंने कंचन श्रीवास्तव के अकाउंट से विभिन्न खातों में तीन करोड़ 40 लाख रुपये वापस लौटाया और तीन-तीन करोड़ रुपये के तीन चेक दिए। बाद में तीनों चेक बाउंस हो गए।



### कोयला कारोबार में भी दखल

केके ने कोरबा में राखड़ परिवहन करने के लिए कंपनी बनाई थी। इसके जरिए उद्योगों से निकलने वाले राख का परिवहन उन्हीं की कंपनी करती थी। कोल घोटाले के दौरान उनकी कंपनी को भी ईडी ने जांच के घेरे में लिया था।

# जीएसटी डिमांड नोटिस पर नहीं देना होगा ब्याज और जुर्माना, एक नवंबर से लागू होगी ये राहत योजना

## सीए हर्ष जैन ने बताया कि बकाया टैक्स 31 मार्च 2025 तक जमा करने वाले करदाता ही इस योजना लाभ ले सकते है



राजनांदगांव (दावा)। सीए हर्ष जैन ने जीएसटी करदाताओं को विभाग ने बड़ी राहत दी है। इसके तहत ऐसे करदाता जिन्हें डिमांड नोटिस मिला है, वे अपना बकाया भुगतान कर ब्याज व जुर्माने से बच सकते है। यह राहत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के करदाताओं के लिए है। यह योजना एक नवंबर से जीएसटी करदाताओं के लिए लागू हो रही है। छत्तीसगढ़ में ही इन तीन वित्तीय वर्षों में करीब पांच हजार से ज्यादा करदाताओं को विभाग की ओर से डिमांड नोटिस भेजा जा चुका है।

### यह है शर्त

श्री जैन ने बताया कि जीएसटी अधिकारियों का कहना है कि इसमें शर्त यह रखी गई है कि टैक्स डिमांड नोटिस गैर-धोखाधड़ी श्रेणी का होना चाहिए। सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी किया है। उन्होंने बताया कि बकाया टैक्स 31 मार्च 2025 तक जमा करने वाले करदाता ही इस योजना लाभ ले सकते है।

### आज तक टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करें करदाता, नहीं तो जुर्माना

श्री जैन ने आगे बताया कि अगर आपने अभी तक अपना इनकम टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है तो आपके पास केवल सोमवार सात अक्टूबर तक का समय है। सात अक्टूबर के बाद ऑडिट रिपोर्ट जमा करने वालों को जुर्माना भरना पड़ेगा। आयकर विभाग करदाताओं से जुर्माने की राशि संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए कुल बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्तियों के 0.5 प्रतिशत या 1,50,000 रुपये के बराबर या जो भी कम हो जुर्माना वसूल सकता है।

सीए हर्ष जैन ने कहा कि सोमवार तक अपना टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल कर दें, अन्यथा जुर्माना भरना पड़ सकता है।

### 30 सितंबर तक करना था जमा

इलेक्ट्रॉनिक सबमिशन में करदाताओं को आ रही दिक्कत के चलते आयकर विभाग ने इनकम टैक्स ऑडिट रिपोर्ट फाइलिंग की आखिरी तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इनकम टैक्स ऑडिट रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर थी।

# सदस्यता अभियान के आइकॉन बने शरद सिन्हा

## सदस्यता अभियान को पूर्ण करने में प्रथम रहे शरद सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान पहले चरण में चल रहा है । जिला भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी सावन वर्मा एवं रवि सिन्हा ने बताया कि सदस्यता अभियान के पहले चरण में भाजपा कार्यकर्ता तेज गति से नए सदस्य बनाने एवं पुराने सदस्यों का नवीनीकरण कर रहे हैं, साथ ही 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण शुरू होगा जिसमें सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा।

इसी कड़ी में वार्ड नंबर 26 के बूथ क्रमांक 129, 130 एवं 131 में पार्षद एवं दक्षिण मंडल के उपाध्यक्ष शरद सिन्हा ने अपने बूथ में सदस्यता अभियान संपन्न करके सदस्यता अभियान का आइकॉन बनने का पहला लक्ष्य हासिल कर लिया और उन्होंने अपनी रसीद बुक जमा किया। उनकी सक्रियता से प्रभावित होकर जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने उन्हें शुभकामनाएं दी और सभी सदस्यों से अपेक्षा भी की, सभी भाजपा नेता जल्द से जल्द सदस्यता अभियान में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर, रसीद बुक जमा करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल,सावन वर्मा, रवि सिन्हा ,राजेश श्यामकर, मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी को शरद सिन्हा ने अपना सदस्यता बुक सोपा।

# संस्कारधानी गरबा उत्सव में आज मानस काम्बले का धमाकेदार लाइव प्रदर्शन



राजनांदगांव। संस्कारधानी गरबा उत्सव 2024 के अंतर्गत आज 7 अक्टूबर को शिवनाथ वाटिका में इंडियन आइडल फेम मानस काम्बले की शानदार लाइव प्रस्तुति होगी। यह आयोजन संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें मानस काम्बले अपने बेहतरीन गायन से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस उत्सव में उनके गीतों की मधुर धुनों पर झूमने के लिए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मानस काम्बले की खासियत उनके माता रानी के भक्ति गीत हैं, जो श्रोताओं को एक अलग ही संगीतमय अनुभव में ले जाती है।

7 अक्टूबर 2024 की इस विशेष शाम के लिए गरबा समिति ने तैयारियां कर ली हैं और आयोजन स्थल पर विशेष रूप से सजावट की गई है। काम्बले के साथ इस शाम का हिस्सा बनने के लिए शहर के गरबा प्रेमी बेहद उत्साहित हैं। पूरे आयोजन के दौरान गरबा संगीत और नृत्य का अद्भुत समां बंधेगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com